● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 37, अंक 172, पृष्ठ : 08, सीधी, शुक्रवार , 01 अगस्त 2025 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



ट्रम्प की टैरिफ घोषणा पर प्रियंका चतुर्वेदी की सलाह 5

केएल राहुल को मिलेगी कप्तानी 6

## राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम को मिलेगी दो हजार करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रीमंडल ने 2025-26 से 2028-29 तक 4 साल की अवधि के लिए 2000 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ केंद्रीय क्षेत्र योजना राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम को अनुदान सहायता की मंजूरी दी है। केंद्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट के इस फैसले की जानकारी दी है।

सरकार की ओर से बताया गया है कि वर्ष 2025-26 से 2028-29 तक 4 वर्षों की अवधि के लिए अनुदान सहायता पर 2000 करोड़ रुपये का परिव्यय किया जाएगा। एनसीडीसी चार वर्षों की अवधि में खुले बाजार से 20,000 करोड़ रुपये जुटा सकेगी। एनसीडीसी की ओर से नई परियोजनाओं की स्थापना/संयंत्रों के विस्तार, सहकारी समितियों को ऋण देने और कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए ऋण देने हेतु निधियों का उपयोग किया जाएगा।

सरकार ने बताया है कि इस कदम से देश भर में डेयरी, पशुधन, मत्स्य पालन, चीनी, कपड़ा, खाद्य प्रसंस्करण, भंडारण और कोल्ड स्टोरेज जैसे विभिन्न क्षेत्रों की 13,288 सहकारी समितियों के 2.9 करोड़ सदस्यों; श्रम और महिलाओं के नेतृत्व वाली सहकारी समितियों को लाभ मिलेगा।

वैष्णव ने बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने गुरुवार को राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) को चार वर्षों के लिए 2,000 करोड़ रुपये की अनुदान सहायता को मंजूरी दी है। इस कदम से संगठन को ऋण देने



के लिए अधिक धन जुटाने में मदद मिलेगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति की बैठक में इस संबंध में निर्णय लिया गया। सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संवाददाताओं को बताया, एक अच्छे वित्तीय मॉडल को और अधिक समर्थन देने के लिए, मंत्रिमंडल ने एनसीडीसी के लिए चार वर्षों के लिए 2,000 करोड़ रुपये की पूंजी अनुदान सहायता को मंजूरी दी।

एनसीडीसी 8.25 लाख से अधिक सहकारी समितियों को ऋण देता है, जिनके 29 करोड़ सदस्य हैं। कुल सदस्यों में से 94 प्रतिशत किसान हैं। मंत्री ने कहा कि इस वित्तीय सहायता से एनसीडीसी आगे ऋण देने के लिए 20,000 करोड़ रुपये अतिरिक्त जुटाने में सक्षम हो सकेगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में एनसीडीसी की ऋण वसूली दर 99.8 प्रतिशत है और एनपीए शून्य है।

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए इटारसी-नागपुर के बीच चौथी रेलवे लाइन की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इटारसी और नागपुर के बीच चौथी लाइन को मंजूरी दे दी है। इसका निर्माण दिल्ली और चेन्नई के साथ-साथ मुंबई और हावड़ा को जोड़ने वाले उच्च-घनत्व वाले गलियारे पर किया जाएगा। यह चारों दिशाओं का मिलन बिंदु है।

सरकार की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, कैबिनेट ने महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार, ओडिशा और झारखंड राज्यों के 13 जिलों को कवर करने वाली चार मल्टीट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इसमें भारतीय रेलवे का मौजूदा नेटवर्क लगभग 574 किलोमीटर बढ़ जाएगा। इस परियोजना की लागत करीब 11169 करोड़ रुपये आएगी। कैबिनेट ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए अश्विनी वैष्णव ने बताया कि अलुआबाड़ी से न्यू जलपाईगुड़ी तक रेलवे लाइन के विस्तार पर भी बात की।

## प्रधानमंत्री मोदी से मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की सौजन्य भेंट

**राज्य सरकार की उपलब्धियों से कराया अवगत**

**म.प्र. में निवेश संबंधी किये जा रहे प्रयासों की दी जानकारी**



**भोपाल**

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को पार्लियामेंट हाउस नई दिल्ली में सौजन्य भेंट की और पुष्प-गुच्छ भेंट कर अभिवादन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री श्री मोदी को मध्यप्रदेश की उपलब्धियों एवं नवाचार पर केंद्रित पुस्तिका विरासत से विकास की राह भेंट की। पुस्तिका में प्रदेश की अर्थव्यवस्था, औद्योगिक विकास, गरीबी उन्मूलन, जनजाति कल्याण, किसान कल्याण, नारी शक्ति, स्वास्थ्य, शिक्षा, सुशासन, शहरी विकास, अधोसंरचना विकास, पर्यटन एवं संस्कृति संरक्षण और पर्यावरण संबंधी गतिविधियों एवं उपलब्धियों का ब्यौरा शामिल है।

प्रधानमंत्री श्री मोदी को मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हाल ही में मध्यप्रदेश में औद्योगिक निवेश आकर्षित करने के लिए की गई दुबई एवं स्पेन की यात्रा में मिली सफलता की जानकारी दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश के चहुँमुखी विकास के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी का मार्गदर्शन और आशीर्वाद प्रदेश की साढ़े 8 करोड़ आबादी को हमेशा मिलता है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि भविष्य में प्रधानमंत्री श्री मोदी के आशीर्वाद से विकसित भारत @ 2047 के विजन में मध्यप्रदेश भी अपना पूरा योगदान देगा।

## सनातन धर्म को बदनाम करने वालों को माफी मांगनी चाहिए

**भाजपा ने राहुल-सोनिया पर साधा निशाना**

**नई दिल्ली।** मालेगांव ब्लास्ट केस में कोर्ट द्वारा सातों आरोपियों को बरी किए जाने के बाद भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस पर सीधा हमला बोला है। भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने वोटबैंक की राजनीति के लिए हिंदू आतंकवाद का झूठ गढ़ा और देश की संस्कृति 'सनातन धर्म' को बदनाम किया। साथ ही पार्टी ने सोनिया गांधी और राहुल गांधी से बिना शर्त माफी की मांग की है।

भाजपा नेता और पूर्व कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा कि यह फैसला सिर्फ कानूनी नहीं, बल्कि नैतिक जीत है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने तत्कालीन गुजरात मुख्यमंत्री



नरेंद्र मोदी के उदय को रोकने के लिए यह हिंदू आतंक का षड्यंत्र रचा। उन्होंने मांग की कि मालेगांव ब्लास्ट केस में बरी किए गए साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर और लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित को मुआवजा मिलना चाहिए। भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि अदालत के इस फैसले ने कांग्रेस की साजिश को उजागर कर दिया है। उन्होंने कहा कि केवल राजनीतिक फायदे के लिए कांग्रेस ने निर्दोष लोगों को आतंकवादी बताया और पूरे सनातन धर्म को कटघरे में खड़ा किया। उन्होंने राहुल गांधी से सवाल पूछा कि क्या वे हिंदुओं से माफी मांगेंगे?

भाजपा आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने कहा कि कांग्रेस ने भगवा आतंक का झूठ फैलाया जो अब पूरी तरह से ढह चुका है। उन्होंने कहा कि यह साजिश कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी, पी. चिदंबरम और सुशील कुमार शिंदे की अगुवाई में रची गई थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को पूरे देश के हिंदू समाज से माफी मांगनी चाहिए। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने 2005 से 2013 के बीच हुए आतंकवादी हमलों में पाकिस्तान की भूमिका को छुपाने की कोशिश की और उल्टा देश के भीतर हिंदू आतंक का झूठ फैलाया।

## छोटे भाई तेजस्वी यादव को तेज प्रताप का चैलेंज

**हाजीपुर।** पूर्व स्वास्थ्य मंत्री और राजद नेता तेज प्रताप यादव ने अपने छोटे भाई और पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव को खुला चैलेंज दिया है। हाजीपुर के महुआ पहुंचे तेज प्रताप ने कहा कि अगर तेजस्वी खुद को अर्जुन मानते हैं, तो पहले बांसुरी बजाकर दिखाएं। तभी तय होगा कि असली कृष्ण कौन है और अर्जुन कौन। तेज प्रताप यादव मंगलवार को अपने पुराने विधानसभा क्षेत्र महुआ के दौरे पर पहुंचे थे। यहां उन्होंने महुआ के विधायक मुकेश रोशन को भी जमकर निशाने पर लिया और उन्हें 'बहरूपिया' कह डाला। उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि अगर बहरूपिया आपके यहां आए, तो उसे झुनझुना दे दीजिए।

## उपराष्ट्रपति चुनाव-2025 के लिए निर्वाचक मंडल की अंतिम सूची तैयार

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने गुरुवार को कहा कि उसने उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए निर्वाचक मंडल की अंतिम सूची तैयार कर ली है। यह चुनाव जगदीप धनखड़ के उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा देने के कारण जरूरी हो गया है। भारत के उपराष्ट्रपति का चुनाव निर्वाचक मंडल द्वारा किया जाता है, जिसमें राज्यसभा के निर्वाचित और मनोनीत सदस्य और लोकसभा के निर्वाचित सदस्य शामिल होते हैं।

आयोग ने एक बयान में कहा कि उपराष्ट्रपति चुनाव 2025 के लिए निर्वाचक मंडल की सूची को अंतिम रूप दे दिया गया है। अधिसूचना जारी होने की तिथि से यह सूची चुनाव आयोग के





**चुनाव आयोग ने की घोषणा**

कार्यालय में बनाए गए विशेष काउंटर पर खरीदी जा सकेगी। अधिसूचना जल्द ही जारी होने की संभावना है। धनखड़ ने 21 जुलाई को उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया था, जबकि उनके कार्यकाल की समाप्ति में अभी दो साल से ज्यादा का समय बाकी था। उन्होंने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए 21 जुलाई को अपने इस्तीफे में लिखा, स्वास्थ्य का ध्यान रखने और चिकित्सकों की सलाह का पालन करने के लिए मैं संविधान के अनुच्छेद 67(क) के तहत भारत के उपराष्ट्रपति पद से तत्काल प्रभाव से इस्तीफा देता हूं। धनखड़ के इस्तीफे के दो दिन बाद ही चुनाव आयोग ने नए उपराष्ट्रपति के चुनाव की प्रक्रिया शुरू कर दी थी। हालांकि धनखड़ ने अपने पांच साल के कार्यकाल के केवल दो साल के भीतर इस्तीफा दिया, फिर भी उनके उत्तराधिकारी को पूरा पांच साल का कार्यकाल मिलेगा, न कि शेष बचा हुआ समय। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत चुनाव आयोग को उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव कराने का अधिकार है।

## मालेगांव ब्लास्ट केस के सभी आरोपी बरी

**मुबई।** मुंबई में गुरुवार को एक विशेष एनआईए अदालत ने 2008 के मालेगांव ब्लास्ट केस के सभी सात आरोपियों को बरी कर दिया। जिन लोगों को बरी किया गया है, उनमें भाजपा की पूर्व सांसद साध्वी प्रज्ञा से लेकर भारतीय सेना के पूर्व लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद श्रीकांत पुरोहित और रिटायर्ड मेजर रमेश उपाध्याय के नाम भी शामिल हैं। बता दें कि 29 सितंबर 2008 को महाराष्ट्र के नासिक जिले में स्थित मालेगांव में रमजान के महीने में एक जबरदस्त धमाका हुआ था। इस ब्लास्ट में छह लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 100 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे। हालांकि, आरोपियों की गिरफ्तारी के 17 साल बाद अब एनआईए कोर्ट ने इस मामले में महाराष्ट्र के आतंक-रोधी दस्ते (एटीएस) की जांच में कई खामियां मिलने की बात कही।

## ट्रंप के टैरिफ पर राहुल गांधी का पीएम मोदी से सवाल



**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने पर कांग्रेस सांसद और विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर हमला बोला है। राहुल गांधी ने कहा कि ट्रंप ने 30-32 बार दावा किया है कि उन्होंने युद्धविराम कराया। उन्होंने यह भी कहा कि पांच भारतीय जेट गिर गए। ट्रंप अब कहते हैं कि वह 25% टैरिफ लगाएंगे। इस पर पीएम मोदी जवाब क्यों नहीं दे पा रहे हैं? असली वजह क्या है? उनके हाथ में नियंत्रण किसके पास है? राहुल गांधी ने कहा कि विदेश मंत्री भाषण देते हैं और कहते हैं कि हमारी विदेश नीति प्रभावशाली है। एक तरफ अमेरिका आपको गाली दे रहा है, दूसरी तरफ चीन आपके पीछे पड़ा है। जब आप अपना प्रतिनिधिमंडल दुनिया में भेजते हैं, तो कोई भी देश पाकिस्तान की निंदा नहीं करता।

## कानून व्यवस्था,लव जिहाद और ड्रग्स केस को लेकर कांग्रेस का सदन से वॉकआउट

**भोपाल।** मध्यप्रदेश विधानसभा में मानसून सत्र के चौथे दिन कांग्रेस विधायकों ने प्रदेश में हो रहे ड्रग्स कारोबार को लेकर प्रदर्शन किया। वहीं भोपाल मेट्रो में हो रही देरी का मुद्दा भी सदन में उठा। कांग्रेस ने प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति खराब होने के मुद्दे पर सदन से वॉकआउट किया।

प्रदेश में कानून व्यवस्था को लेकर ध्यानाकर्षण पर चर्चा में सरकार के जवाब से असहमत विपक्ष ने वॉकआउट किया। पूर्व मंत्री सचिन यादव ने कहा कि सरकार दागदार है। सदन में गलत



जवाब देती है।अपराधों को लेकर हमारे तीन साथियों ने सरकार का ध्यानाकर्षण कराया लेकिन गलत उत्तर दिए गए। सरकार कहती है कि एक भी दागी अधिकारी थानों में पोस्टेड नहीं है। ये गलत है। सरकार को अपनी कार्यशैली में सुधार लाना चाहिए। वॉकआउट से पहले मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने अपराधों को लेकर जवाब दिया। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में किसी भी दागदार को थाने का प्रभारी नहीं बनाया गया है। किसी भी थाने में आरक्षक निरीक्षक को 5 साल से अधिक थाने में नहीं रखा जा रहा है। ऐसे सखूत निर्देश प्रदेश में मोहन सरकार ले रही है। विपक्ष ने सरकार के जवाब पर असहमति जताई।

कांग्रेस विधायक जयवर्धन सिंह ने प्रदेश में हो रही अपराध की घटनाओं को बताते हुए पुलिस के खाली पदों को भरने को लेकर सवाल पूछा। मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने कहा कि साइबर अपराधों पर थोड़ी वृद्धि हुई है। इसको हम स्वीकार कर रहे हैं।

## फंसे 800 श्रद्धालुओं को एनडीआरएफ एवं एसडीआरएफ ने निकाला

**रुद्रप्रयाग।** एसडीआरएफ, एनडीआरएफ व पुलिस ने आज गुरुवार सुबह साढ़े दस बजे तक 800 यात्रियों को निकाला। मौके पर लगभग 60-70 यात्री रुके हैं। भारी बारिश की चेतावनी के बीच तैयारियों पर राज्य के आपदा सचिव विनोद कुमार सुमन ने कहा कि कहीं भी कोई महत्वपूर्ण नुकसान नहीं हुआ है। हमारा चार धाम मार्ग कुछ क्षेत्रों को छोड़कर ज्यादातर खुला है। सोनप्रयाग और गौरीकुंड के बीच की सड़क पर मलबा है, लेकिन यह रोजाना खुली रहती है।



इसी तरह, सिरोबगड़ में सड़क ज्यादातर दिनों में बंद रहती है। हम इसे फिर से खोल रहे हैं और स्थायी मरम्मत सुनिश्चित कर रहे हैं। गंगोत्री राजमार्ग पर गंगोत्री जाने वाला मार्ग बंद है, और पिथौरागढ़ में भी एक बंद है। लगभग 35 पीडब्ल्यूडी और ग्रामीण सड़कों को फिर से खोलने की कार्रवाई चल रही है।

## अब यूपीआई पेमेंट के लिए नहीं होगी पिन की जरूरत

**नई दिल्ली।** भारत में डिजिटल भुगतान को और आसान बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया जा सकता है। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया जल्द ही बायोमेट्रिक आधारित प्रमाणीकरण को यूपीआई पेमेंट्स में शामिल कर सकती है। इसका मतलब यह है कि अब यूपीआई ट्रांजैक्शन के लिए फेस आईडी या फिंगरप्रिंट से भुगतान की पुष्टि की जा सकेगी, पिन दर्ज करने की जरूरत नहीं होगी।

वर्तमान में, यूपीआई भुगतान के लिए 4 से 6 अंकों का पिन डालना होता है। यह एक सुरक्षा परत के रूप में कार्य करता है, लेकिन कई बार यह प्रक्रिया को धीमा कर देता है।

## देशभर के हाईवे और एक्सप्रेसवे पर 4,557 ईवी चार्जिंग स्टेशन लगाए गए



**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने संसद में बताया कि देश में 1,46,342 किलोमीटर लंबे राजमार्गों और एक्सप्रेसवे पर अब तक 4,557 ईवी पब्लिक चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जा चुके हैं। यह आंकड़ा ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी की रिपोर्ट के आधार पर सामने आया है।

राज्यों की बात करें तो उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक 507 चार्जिंग स्टेशन लगे हैं। इसके बाद कर्नाटक में 489, महाराष्ट्र में 459, तमिलनाडु में 456 और राजस्थान में 424 चार्जिंग स्टेशन हैं। हालांकि, गडकरी ने यह भी स्पष्ट किया कि चार्जिंग पॉइंट ऑपरेटरों (सीपीओ) को अलग से किसी विशेष प्रोत्साहन की योजना फिलहाल नहीं है।

राज्यसभा को बुधवार को जानकारी दी गई कि देश के टियर-2 शहरों में 1 अप्रैल 2025 तक 4,625 ईवी चार्जिंग स्टेशन चालू हो चुके होंगे। इससे साफ है कि सरकार सिर्फ बड़े शहरों तक सीमित न रहते हुए छोटे और मध्यम स्तर के शहरों में भी ईवी ढांचे का विस्तार कर रही है। सरकार की महत्वाकांक्षी योजना पीएम ई-ड्राइव, जिसे अक्तूबर 2024 में शुरू किया गया था, के तहत 2,000 करोड़ रुपये के बजट से पूरे देश में लगभग 72,000 ईवी चार्जिंग स्टेशन लगाने का लक्ष्य रखा गया है।

## हम अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए हर जरूरी कदम उठाएंगे : गोयल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को लोकसभा में अमेरिका की ओर लगाए गए टैरिफ पर सरकार का रुख साझा किया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मार्च 2025 में, भारत और अमेरिका ने एक न्यायसंगत, संतुलित और पारस्परिक रूप से लाभकारी द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए बातचीत शुरू की। इसका लक्ष्य अक्तूबर-नवंबर 2025 तक समझौते के पहले चरण को पूरा करना था। दोनों पक्षों ने 29 मार्च 2025 नई दिल्ली में आयोजित पहली डिजिटल मीटिंग में चर्चा के दौरान व्यापार वार्ता शुरू करने के लिए विस्तृत टर्म्स ऑफ रिफरेंस (टीओआर) को अंतिम रूप दिया।

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि इसके इसके बाद, दोनों पक्षों के बीच नई दिल्ली और वाशिंगटन डीसी में चार दौर की भौतिक वार्ताएं हो चुकी हैं। इसका मकसद टीओआर के अनुसार द्वपक्षीय व्यपार वार्ता को अंतिम रूप देना था। इसके अलावा, दोनों पक्षों के बीच कई वर्चुअल बैठकें भी हुई हैं।

केंद्रीय वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा, सरकार हाल की घटनाओं के प्रभावों की जांच कर रही है...हम अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएंगे। वाणिज्य व उद्योग मंत्रालय निर्यातकों, उद्योगों और सभी हितधारकों के साथ बातचीत कर रहा है और इस मुद्दे पर उनके आकलन के आधार पर जानकारी एकत्र कर रहा है। सरकार किसानों,



मजदूरों, उद्यमियों, उद्योगपतियों, निर्यातकों, एमएसएमई और औद्योगिक क्षेत्र के हितधारकों के कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। हम अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएंगे। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि 2 अप्रैल 2025 को, अमेरिकी राष्ट्रपति ने पारस्परिक टैरिफ पर एक कार्यकारी आदेश जारी किया। 5 अप्रैल 2025 से 10% बेसलाइन शुल्क प्रभावी हुआ। 10% बेसलाइन टैरिफ के साथ, भारत के लिए कुल 26% टैरिफ की घोषणा की गई। अतिरिक्त टैरिफ 9 अप्रैल 2025 को लागू होने वाला था। लेकिन 10 अप्रैल 2025 को इसे शुरू में 90 दिनों के लिए बढ़ाया गया और फिर 1 अगस्त 2025 तक बढ़ा दिया गया। पीयूष गोयल ने कहा कि मात्र एक दशक से भी कम समय में, भारत पांच नाजुक अर्थव्यवस्थाओं में से दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बन गया है। हम अपने सुधारों, अपने किसानों, एमएसएमई और उद्यमियों की कड़ी मेहनत के बल पर 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से शीर्ष 5 अर्थव्यवस्थाओं में से एक बन गए हैं। यह भी व्यापक रूप से अपेक्षित है कि हम कुछ वर्षों में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे। आज, अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं और अर्थशास्त्री भारत को वैश्विक अर्थव्यवस्था में एक उज्ज्वल बिंदु के रूप में देखते हैं। भारत वैश्विक विकास में लगभग 16% का योगदान दे रहा है।

गोयल ने कहा, पिछले दशक में, सरकार ने मेक इन इंडिया पहल के तहत भारत को विश्व के विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करने हेतु परिवर्तनकारी कदम उठाए हैं। भारत का युवा, कुशल और प्रतिभाशाली कार्यबल भारतीय उद्योग के नवाचार और प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ावा दे रहा है। पिछले 11 वर्षों में हमारे निर्यात में लगातार वृद्धि हुई है।

# रेत ठेकेदार एवं अवैध कारोबारियों के बीच जमकर चले लट्ठ

## आधा दर्जन लोग घायल, अवैध रेत कारोबार के दावे की खुली पोल

**सिंगरौली।** कोतवाली बैढ़न के समीप कचनी में बीती मध्य रात रेत ठेकेदार के गुर्गो एवं अवैध रेत कारोबारियों के बीच जमकर मारपीट हुई है। दोनों पक्ष कोतवाली बैढ़न में अलग-अलग आरोप लगा कर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। चर्चा है कि अवैध रेत कारोबारी पहले रेत ठेकेदार चेकप्वाइंट पर पहुंच मारपीट किये थे । इसके बाद रेत ठेकेदार के गुर्गो ने पीछा कर कचनी में जमकर मारपीट करते हुये बलेनो कार में तोड़फोड़ भी किया है। उक्त घटना के बाद पुलिस के दावे की पोल भी खुल रही है। हालांकि पुलिस ने एफआईआर दर्ज करने में तत्परता जरूर दिखाई है।



दरअसल बीती रात करीब 2 बजे कचनी मुख्य मार्ग में जमकर लट्ठ एवं रॉड चलने लगे। चीख-पुकार एवं शोर-शराबा सुनकर गहरी निंद्रा में घरों में सो रहे लोगों की भी नींद टूट गई। इस दौरान आरोप है कि ग्लोबल साहाकार ठेकेदार के गुर्गो ने सचिन कुमार बैस पिता गोविन्द प्रसाद बैस उम्र 21 वर्ष निवासी भलया टोला सरई, बद्री प्रसाद, अटल बिहार, रविन्द्र एवं अंकित कुमार अपने बलेनो कार एमपी 66 सीए 0793 का पीछा कर कचनी में गाड़ी रोकवाकर साईड न देने का बहाना बताते हुये लाठी-डण्डे व रॉड से बेरहमी तरह से मारपीट करते हुये वाहन भी तोड़ दिया है। ठेकेदार के दो स्कॉर्पियों वाहन थे। जिसमें एक वाहन का नम्बर एमपी 66 टी 03037 एवं दूसरे का नम्बर नही बताए पाये। यह घटना कचनी के सोनालिका ट्रैक्टर एजेंसी के सामने की है। फरियादी गोविन्द के अनुसार उक्त पीड़ित पक्ष अपनी बुआ के बेटे को हीरावती अस्पताल में देखने आ रहे थे। जहां फरियादी के बुआ का लड़का बीमार चल रहा है। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध बीएनएस की धारा 296, 115(2), 351(3), 324(4) एवं 3(5) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। इधर पुलिस के अनुसार साहाकार ग्लोबल कंपनी की ओर से भी लिखित रिपोर्ट दी गई है। जिसमें आरोप लगाया है कि गोविन्द वगैरह पहले तेलदह चेकप्वाइंट पर पहुंच उक्त कंपनी के कर्मचारियों के साथ मारपीट की गई है। कंपनी का दावा है कि उक्त व्यक्ति रेत की अवैध कारोबारी हैं और इनके अवैध कारोबार को रोके जाने पर पहले मारपीट किये हैं। हालांकि उक्त कंपनी के द्वारा कहीं भी गोविन्द वगैरह के साथ मारपीट करने का जिक्र नही किया है।

### कोतवाली पहुंचते ही स्कॉर्पियों वाहन के नम्बर प्लेट गायब

फरियादी गोविन्द बैस व अन्य के अनुसार बलेनो वाहन में तोड़फोड़ एवं आधा दर्जन लोगों के साथ अकारण मारपीट करने के दौरान दो स्कॉर्पियों वाहन साहाकार ग्लोबल कंपनी की थी। जहां एक दो में से एक ब्लैक एवं वाईट वाहन है। उस दौरान नम्बर प्लेट भी थे। लेकिन कोतवाली में जब उक्त वाहन को अपने कब्जे लिया गया, यहां पहुंचते ही नम्बर प्लेट गायब हो गये थे। कहीं न कहीं कोतवाली पुलिस की भी ठेकेदार पर दरियादिली दिख रही है।

### इनका कहना

कचनी में करीब 1:45 बजे करीब पॉच लोगों के साथ अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा मारपीट की गई है। आसपास लगे सीसीटीव्ही कैमरा के माध्यम से भी जांच पड़ताल की जाएगी। पीड़ित पक्ष गोविन्द की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

**पुन्नू सिंह परस्ते**
**सीएसपी, विंध्यनगर**

# बंद कमरे में हुई सामान्य सभा की बैठक, जपं अध्यक्ष व सदस्य में नोंक-झोंक

## महिला बाल विकास, नल-जल योजना, बिगड़े हैंडपंप पर भड़के सदस्य



**सिंगरौली।** जिला पंचायत के सभागार में आज दिन गुरुवार को सामान्य सभा की बैठक जिला पंचायत अध्यक्ष की मौजूदगी में आहुत की गई। जहां महिला बाल विकास, नल-जल योजना, बिगड़े हैंडपंप का समय पर मरम्मत न कराये जाने को लेकर जमकर हंगामा हुआ। जहां सदस्यों ने भ्रष्टाचार के आरोप लगाते दिखे। इसी बीच जनपद पंचायत देवसर के अध्यक्ष व एक जिला पंचायत सदस्य के बीच भी काफी नोंकझोंक हुई।

इधर बता दें कि जिला पंचायत में सामान्य सभा की बैठक आयोजित की गई थी। इस बैठक में कृषि विभाग, विद्युत विभाग और शिक्षा विभाग को लेकर फोकस किया गया। बैठक में समय पर किसानों को यूरिया खाद के साथ-साथ बीज को लेकर सवाल-जवाब किया गया। जहां जिला पंचायत के सदस्य आरोप लगाते हुये दिखे कि जिले भर के किसानों को सही यूरिया नही मिल पा रही है। मिलावटी खाद बीज का वितरण हो रहा है। समितियों में जो खाद गई है, गिली है, इसके अलावा जिले में कई ट्रांसफार्मर जले हुये हैं, खराब हैं, जिसको लेकर सदस्यो के द्वारा विद्युत विभाग को अवगत कराया गया, साथ ही शिक्षा विभाग में हुई खरीदी को लेकर सदस्यों ने सवाल-जवाब किया कि करोड़ों रूपये की खरीदी हुई को लेकर सवाल-जवाब किया गया। वही जिला पंचायत सदस्य ने आजीविका मिशन में कौशल विकास प्रशिक्षण के नाम पर हुये घोटाले का मुद्दा उठाया गया। सदस्यों ने जवाल-जवाब में कहा कि जिले भर में हैंडपंप खराब पड़े हुये हैं। उनका मरम्मतीकरण पीएचई विभाग के द्वारा नही कराया जा रहा है। साथ ही पीएचई विभाग के अधिकारियों के द्वारा नल-जल योजना में मंथन गति से काम कराया जा रहा है। अभी तक टंकियों का निर्माण कार्य नही हो पा रहा है, कैसे समय पर घर-घर पानी देंगे। वही महिला बाल विकास विभाग के घोटाले व अनियमितता को लेकर सवाल किया गया। इधर बता दें कि जिला पंचायत की सामान्य सभा बैठक जिला पंचायत सीईओ और अध्यक्ष के द्वारा बंद कमरे में कराई जाती है। ताकि अधिकारियों के अनियमितता की पोल बाहर न जाने पाये।

# मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता सेमिनार एवं स्क्रीनिंग शिविर आयोजित



**सिंगरौली।** उच्च शिक्षा विभाग एवं लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के संयुक्त प्रयास से उमंग उच्च शिक्षा हेल्थ एवं वेलनेस कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है, जिसके तारतम्य में आज दिन गुरूवार को शासकीय राजनारायण स्मृति स्नाकोत्तर महाविद्यालय बैढ़न में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता एवं स्क्रीनिंग विषयक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. एमयू सिद्धकी प्राचार्य के मार्गदर्शन में दीप प्रज्वलन से किया गया। प्राचार्य ने बताया कि उमंग उच्च शिक्षा हेल्थ एवं वेलनेस कार्यक्रम की गतिविधियों से छात्रों का स्वास्थ्य बेहतर होगा बच्चे शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ्य होंगे एवं बेहतर भविष्य का निर्माण करेंगे। कार्यक्रम को आगे बढाते हुए नोडल अधिकारी आरकेएसके एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जेसी यसवाल के द्वारा उमंग उच्च शिक्षा हेल्थ एवं वेलनेस कार्यक्रम के उद्देश्य एवं गतिविधियों के बारे में परिचय दिया गया एवं बताया गया कि विद्यार्थीयों के कौशल विकास एवं शारीरिक विकास के लिए मानसिक रूप से स्वास्थ्य होना जरुरी है। कार्यक्रम का संचालन आशीष पाण्डेय जिला किशोर स्वास्थ्य समन्वयक स्वास्थ्य विभाग के द्वारा किया गया।

# एसडीएम के निरीक्षण में एक विद्यालय में लटका था ताला

**सिंगरौली।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व चितरंगी जिला सिंगरौली म.प्र. द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला कुशमहवा, शासकीय प्राथमिक शाला मुड़हेर तथा शासकीय प्राथमिक शाला बहरीदार का औचक निरीक्षण किया गया। शासकीय प्राथमिक शाला कुशमहवा में ताला लगा पाया गया। मौके पर शिक्षक एवं छात्र उपस्थित नहीं मिले। शासकीय प्राथमिक शाला मुड़हेर में शिक्षक सुनील कुमार उपस्थित मिले, किंतु उनके द्वारा समय पूर्व ही शाला की छुट्टी कर दी गई। शा.प्रा. शाला बहरीदार के निरीक्षण में पाया गया कि अतिथि शिक्षक कुछ छात्रों को बरामदे में बैठे हुए थे तथा दो अन्य शिक्षक जयपाल गिरी एवं रति इंगले 29 जुलाई से अनुपस्थित पाए गए एवं उपस्थिति पंजी पर भी इनके हस्ताक्षर वाले कालम रिक्त छोड़े गए। समस्त लापरवाही करने वाले शिक्षकों को नोटिस जारी किये जाने की कार्यवाही की जा रही है।

# महापौर की अध्यक्षता में मेयर इंन काउंसिल की बैठक आयोजित

**सिंगरौली**

नगर पालिक निगम सिंगरौली की महापौर रानी अग्रवाल की अध्यक्षता एवं मेयर इंन काउंसिल के सदस्य खुर्शिद आलम, अंजना शाह, शिवकुमारी कुशवाहा, श्यामला, रीता देवी जापति, बबली शाह, रूकमन प्रजापति, ननि आयुक्त डीके शर्मा के उपस्थिति में मेयर इंन काउंसिल की बैठक आयोजित हुई।



बैठक में सर्व प्रथम चर्चा उपरांत मेयर इंन काउंसिल की पूर्व बैठक के कार्यवाही विवरण का सर्वसम्मति से पुष्टि की गई। तत्पश्चात ननि के वार्ड क्रमांक 32 में स्थित कादम्बरी कॉम्प्लेक्स के दुकानदारों द्वारा दुकानों के व्यवस्थापन किए जाने के लिए प्राप्त आवेदन पत्र एवं पूर्व में जिन्हे दुकान आवंटित की गई थी। ऐसे आवंटियों के संबंध में विस्तार से चर्चा कर निर्णय लिया गया। मेयर इंन काउंसिल की बैठक में म.प्र. अंचल सम्पत्ति अन्तरण नियम 2016 में संशोधित नियम 2023 के तहत 5 वर्ष से अधिक समय तक किराएदार के रूप में दुकानों में व्यवसायरत किराएदार को व्यवस्थापन पद्यति से दुकानों का आंवटन किया जा सकता है। उपरोक्त सभी दुकानदार 5 वर्ष से अधिक समय से दुकानों में काबिज है। उपरोक्त सभी दुकानदार अप्रैल 2020 से दुकानों का किराया जमा करना बन्द कर दिया है। वर्ष 2025-26 के कलेक्टर गाइडलाईन अनुसार प्रति दुकान रूपये 5, 90, 58 लागत मूल्य निर्धारित हो रही है। अत- उपरोक्त वर्णित सभी किराएदारों से बकाया किराया माह अप्रैल 2020 से वर्तमान तक का जमा कराते हुए म.प्र. अंचल सम्पत्ति अन्तरण नियम 2023 के प्रावधान अनुसार व्यवस्थापन पद्यति से दुकानों के आवंटन के प्रस्ताव पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त आरपी बैस, सहायक आयुक्त रूपाली द्विवेदी, सहाय आयुक्त एचएम श्रीवास्तव, कार्यपालन यंत्री, प्रदीप चडार, लेखाधिकारी अनुपम दुबे, सहायक यंत्री प्रवीण गोस्वामी, अभयराज सिंह, आलोक टीरु, एसएन द्विवेदी, सहायक विधि अधिकारी अक्षत उपाध्याय सहित अन्य मौजूद रहे।

# मोटरसाइकिल के डिग्गी से 63 सीसी सिरफ जप्त

## चितरंगी पुलिस ने बस स्टैण्ड के पास घेराबंदी कर दबोचा

**सिंगरौली।** स्थानीय पुलिस ने एक आरोपी के मोटरसाइकिल के डिग्गी से 63 सीसी प्रतिबंधित कोडिन युक्त सिरफ जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया है।



चितरंगी टीआई सुधेश तिवारी के अनुसार मुखबिरों के जरिये सूचना मिली कि गढ़वा तरफ से एक युवक प्रतिबंधित कोडिय युक्त कप सिरफ बेचने जा रहा है। इस सूचना के आधार पर पुलिस टीम रवाना की गई और बस स्टैंण्ड के पास संदिग्ध व्यक्ति को घेराबंदी कर दबोचते हुये मोटरसाइकिल के तलाशी के दौरान डिग्गी से प्रतिबंधित कोडिन युक्त ऑनरेक्स कप सिरफ 63 सीसी जप्त कर आरोपी विनोद कुमार बैस पिता लोकमणि बैस उम्र 27 वर्ष निवासी रजदहा को गिरफ्तार करते हुये उसके विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट 8, 21, 22 के तहत अपराध दर्ज किया गया। उक्त कार्रवाई में टीआई के अलावा एएसआई सतीस दीक्षित, आरक्षक वीरप्रताप सिंह, सुभाष पाल, राजेश मिश्रा, मुकेश पाण्डेय, शुभम पटले की भूमिका सराहनीय रही।

# करंट लगने से किशोर की मौत

**सिंगरौली।** खुटार चौकी क्षेत्र के सहोखर गांव में आज दिन गुरुवार को एक किशोर को करंट लगने से वह अचेत हालत में हो गया। परिजनों को जानकारी होने पर उसे लेकर निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौप दिया है। जानकारी के मुताबिक सहोखर गांव निवासी अनीष कुमार पाण्डेय पिता कृष्णचन्द्र पाण्डेय उम्र 16 वर्ष गुरुवार को घर में पंखा का तार लगा रहा था, तभी इस दौरान किशोर खुले तार की चपेट में आ गया। जिससे वह बेहोशी हालत में होकर जमीन पर गिर पड़ा।

# जनपद अध्यक्ष ने छात्रों को वितरित किया साइकिल

**सिंगरौली।** शासकीय मॉडल विद्यालय जियावन में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित निःशुल्क साइकिल वितरण किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष प्रणव पाठक रहें।



जनपद अध्यक्ष ने शिक्षकों से मुलाकात कर छात्र-छात्राओं में शारीरिक, मानसिक एवं व्यावसायिक गतिविधियों में प्रतिस्पर्धात्मक सहभागिता सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही कहा की सरकार की यह पहल बच्चों की शिक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। निःशुल्क साइकिल वितरण से बच्चों का स्कूल आना-जाना आसान होगा। इस पहल से निश्चित रूप से बच्चों के भविष्य में सकारात्मक परिवर्तन आएगा तो वही सभी छात्रों को शुभकामनाएं भी दी। इस अवसर पर मुख्य रूप से मॉडल विद्यालय जियावन के प्राचार्य शिवराम दास गुप्ता, प्रदीप जायसवाल, अभिषेक कुमार शशिकांत पाण्डेय, विजय बहादुर, संदीप तिवारी, अमित पाठक सहित विद्यालय के छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# भाजपा नेता एवं पूर्व सरपंच को पॉच साल की कैद की सजा

## एक अजजा बालिका के अपहरण का था मामला, दोनों आरोपियों पर पॉच-पॉच हजार रूपये अर्थदण्ड से भी दण्डित

**सिंगरौली।** समक्ष न्यायालय विशेष न्यायाधीश सिंगरौली अजजा एवं अजा (अत्याचार निवारण) खालिद मोहतरम अहमद ने मोरवा थाना क्षेत्र के ग्राम सिलफोरी कतरिहार के एक अजजा वर्ग की बालिका के अपहरण के मामले में रामजी गुर्जर एवं रामनरेश गुर्जर को पॉच साल की सजा का फैसला सुनाया गया है।



मामला यह था कि 22 जुलाई 2017 को मोरवा थाना में एक आदिवासी फरियादी रिपोर्ट किया कि 23 सितम्बर 2010 को 19 वर्ष की बेटी माह मई 2009 से गुम है। पीड़िता के पिता द्वारा एसपी कार्यालय में इस आशय का पत्र भी दिया था और आरोप भी लगाया था कि आरोपी रामनरेश गुर्जर पिता बैजनाथ गुर्जर एवं रामजी गुर्जर पिता झुमकलाल गुर्जर स्कॉर्पियों वाहन में बैठा कर बैढ़न ले गये थे। जहां जांच पड़ताल एवं उच्च न्यायाल जबलपुर के दखल के बाद आरोप सही पाये जाने पर आरोपियों के विरूद्ध भादवि की धारा 365, 366/ 34 तथा 3(2)(व्हीए) एससी-एसटी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध करते हुये मोरवा पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। वही पुलिस ने 19 मार्च 2018 को अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। न्यायालय के द्वारा उभय पक्षों को गहनता से सुने जाने के बाद उक्त दोनों आरोपियों को पॉच-पॉच वर्ष के सश्रम कारावास एवं पॉच-पॉच हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किये जाने का अहम फैसला सुनाया गया है। यहां बताते चले कि रामजी गुर्जर बगैया मण्डल का भाजपा मण्डल अध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेता है। जबकि रामनरेश गुर्जर पूर्व सरपंच ग्राम कतरिहार का है।

### उच्च न्यायालय के दखल के बाद दर्ज हुआ था आरोपी पर अपराध

पीड़िता के पिता 14 महीने तक एसपी दफ्तर एवं मोरवा थाना का चक्कर लगाता रहा। गुम इंसान दर्ज कर पुलिस तरह-तरह के बहानेवाजी कर पीड़ित पक्ष को बैरंग लौटा देती थी। जबकि पीड़िता के पिता व परिजन बार-बार कह रहे थे कि मेरे बेटी को रामजी गुर्जर एवं रामनरेश गुर्जर अपने स्कॉर्पियों वाहन में बैठाकर घुमाते थे। जब पुलिस से न्याय की उम्मीद टूटी तो पीड़ित पक्ष उच्च न्यायालय में याचिका दायर किया। जहां उच्च न्यायालय के विद्वान जज द्वारा आरोपियों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करने के लिए निर्देश दिये। तब कहीं पुलिस मामला दर्ज की।

# सुपारी देकर बहन ने अपने भाई की कराई थी गला घोट कर हत्या

## लंघाडोल पुलिस ने अंधी हत्या गुत्थी का सुलझाने का किया दावा, तीनों आरोपी गिरफ्तार, गला घोट कर की गई थी हत्या

**सिंगरौली।** गोपद नदी के किनारे ताल गांव में एक जुट के बोरे में अज्ञात शव 12 जुलाई को मिला था। जहां लंघाडोल पुलिस ने अज्ञात शव का शिनाख्त कराते हुये जांच पड़ताल शुरू कर दी। जहां मृतक की पहचान भैयालाल सिंह उर्फ लालबहादुर निवासी मुर्किल छग. के रूप में की गई। मृतक की मौत गला घोट कर किये जाने की पुष्टि हुई है।




देवसर एसडीओपी गायत्री तिवारी ने उक्त सनसनीखेज अंधी हत्या गुत्थी का खुलासा करते हुये मीडिया कर्मियों को बताया कि मृतक शव की शिनाख्त छत्तीसगढ़ प्रांत के ग्राम मुर्किल थाना कोटाडोल के शिवप्रताप सिंह गोड़ उम्र 32 वर्ष ने किया और लंघाडोल पुलिस को बताया कि मृतक भैयालाल सिंह उर्फ लालबहादुर सिंह निवासी मुर्किल की है और उसकी हत्या का शक उसी की बहन फूलमति सिंह उर्फ करियालाटी पर संदेह व्यक्त किया। इसी आधार पर लंघाडोल थाना प्रभारी उपनिरीक्षक पुष्पेन्द्र धुर्वे पुलिस टीम के साथ मृतक के घर पहुंच आस पड़ोस से पूछतांछ किया। जहां पता चला कि 8 जुलाई से भैयालाल एवं एक सप्ताह पूर्व उसी के घर से दो व्यक्ति उसी दिन से लापता थे। एसडीओपी ने आगे बताया कि इस संबंध में मृतक के बहन से पूछतांछ की गई। पहले तो उसने साफ तौर पर मना कर दिया और जब सख्ती के साथ पूछतांछ की गई तो फूलमति ने बताया कि मृतक गांजा व शराब पीने का आदि था और आये दिन नशे में अपनी बहन के साथ विवाद कर मारपीट करते हुये मॉ का हाथ तोड़ दिया था और नशे के चलते अपनी बहन फूलमति को भी परेशान करता था। ऐसी स्थिति में बहन ने अपने भाई को मारने के लिए दो अन्य व्यक्ति कैलाश सिंह एवं भूपत सिंह निवासी रोकड़ छग. प्रांत को पैसा देकर हायर की। जहां उक्त आरोपी 3 से 8 जुलाई तक मृतक के घर रूके थे। 8 जुलाई के दोपहर में मृतक को खुब शराब पिलाकर बेसूध कर दिया और इसके बाद आरोपियों ने मिलकर गला घोट कर हत्या करते हुये शव को बोरे में भरकर रात में मोटरसाइकिल के सहारे गोपद नदी में फेंक दिया। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश की है। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी पुष्पेन्द्र धुर्वे, एएसआई विश्वनाथ रावत, नन्द कुमार सिंह, महिला एएसआई संतोषी सिंह सहित अन्य का योगदान सराहनीय रहा।

# जिला आपूर्ति अधिकारी नागेंद्र सिंह को सेवा निवृत्त होने पर दी गई भावभीनी विदाई

## कलेक्टर ने शाल एवं श्री फल से किया सम्मानित

**सीधी।** जिला आपूर्ति अधिकारी श्री नागेंद्र सिंह के अर्धवार्षिकी सेवानिवृत्त की आयु पूर्ण होने से 31 जुलाई को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विदाई समारोह में कलेक्टर श्री स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा शाल और श्रीफल भेंट कर श्री सिंह को सम्मानित किया गया।



कलेक्टर द्वारा जिला आपूर्ति अधिकारी श्री सिंह की कार्य कुशलता एवं प्रशासनिक क्षमता की सराहना करते हुए सार्वजनिक वितरण प्रणाली, उज्ज्वला गैस योजना के सफल क्रियान्वयन, रबी एवं खरीफ उपार्जन, सी.एम.हेल्पलाइन के निराकरण में उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन को याद करते हुए उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की शुभकामनाएं दी गई। जिला आपूर्ति अधिकारी श्री सिंह द्वारा उनके शासकीय सेवा में रहते हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा किए गए सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया गया।

उल्लेखनीय है कि जिला आपूर्ति अधिकारी श्री सिंह की शासकीय सेवा यात्रा 02 जनवरी 1989 में खाद्य निरीक्षक के पद पर जबलपुर से प्रारंभ कर सतना, कटनी जिले में कार्य किया। उनकी पदोन्नति अगस्त 2015 में जिला आपूर्ति अधिकारी के पद पर हुई। अपने 36 वर्ष से अधिक के कार्यकाल में आपने जिला आपूर्ति अधिकारी सतना एवं सीधी के रूप में सेवाएं दी हैं।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री अंशुमन राज, डिप्टी कलेक्टर श्री एस पी मिश्रा, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी श्री राजेश सिंह, श्री संदीप तिवारी, श्री आर एम शुक्ल, श्री अभिषेक सनोडिया, पारिवारिक सदस्य सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जिले में औसत वर्षा 844.8 मि.मी. दर्ज, सर्वाधिक वर्षा सिहावल में

**सीधी।** अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 31 जुलाई को सीधी जिले में 3.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 0.0 मि.मी., चुरहट 5.0 मि.मी., गोपद बनास में 0.0 मि.मी., सिहावल में 0.0 मि.मी., बहरी में 9.2 मि.मी., मझौली में 8.0 मि.मी. और कुसमी में 0.0 मि.मी. वर्षा हुई है।

उल्लेखनीय है कि जिले में अब तक 841.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। 01 जून से 31 जुलाई तक तहसील सिहावल में सर्वाधिक वर्षा 947.4 मि.मी. दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 675.0, चुरहट में 715.0, गोपद बनास में 836.6, बहरी में 926.3, मझौली में 929.0 मि.मी. और कुसमी में 884.5 मि.मी. औसत वर्षा हुई है जबकि गतवर्ष इसी अवधि में जिले में 374.0 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई थी। गतवर्ष की तुलना में इस वर्ष 470.8 मि.मी. औसत वर्षा अधिक हुई है।

# जल संरक्षण पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में छात्रों ने दिखाई उत्साहपूर्ण भागीदारी

**सीधी।** 31 जुलाई 2025 मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी की पीआईयू रीवा के अंतर्गत नगर परिषद रामपुर नैकिन स्थित सीएम राइज स्कूल में एशियाई विकास बैंक द्वारा सहायता प्राप्त मध्यप्रदेश शहरी जल आपूर्ति एवं पर्यावरण सुधार परियोजना के अंतर्गत एक जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया।




इस कार्यक्रम में छात्रों को जल संरक्षण के महत्व, अशुद्ध जल से होने वाले स्वास्थ्य संबंधी नुकसान, और जलावर्धन योजना के बारे में रोचक व संवादात्मक तरीके से जानकारी दी गई। बच्चों ने जल से जुड़ी अपनी जिज्ञासाएं खुलकर साझा कीं, जिनका समाधान विशेषज्ञों द्वारा सरल भाषा में किया गया। कार्यक्रम में जल संरक्षण के उपायों पर चर्चा की गई, साथ ही जल कनेक्शन की प्रक्रिया को भी विस्तारपूर्वक समझाया गया। जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक क्विज़ प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें विजयी छात्रों को उपहार देकर प्रोत्साहित किया गया। अंत में सभी छात्रों ने जल संरक्षण की शपथ ली।

इस जागरूकता अभियान में 400 से अधिक छात्र-छात्राओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। स्कूल प्रबंधन द्वारा इस आयोजन में पूर्ण सहयोग प्रदान किया गया।

कार्यक्रम का सफल समन्वय सीडीओ श्री शैलेश कुमार तिवारी द्वारा किया गया। उनके साथ सोशल सेफगार्ड प्रोफेशनल श्रीमती रेखा सिंह, सब इंजीनियर, फील्ड इंजीनियर, संविदाकार प्रतिनिधि, और ईएचएस पर्यवेक्षक सहित अन्य टीम सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

# पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय चुरहट में आवेंदन की अंतिम तिथि 13 अगस्त

## कक्षा 9 तथा 11 में आवेंदन की अंतिम तिथि 23 सितंबर



**सीधी।** प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय चुरहट डॉ. डी.के. त्रिपाठी ने जानकारी देकर बताया है कि कक्षा 6वीं प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 13.08.2025 कर दी गई है। अब छात्र आसानी से आवेदन भर सकते है। इसके साथ कक्षा 9वीं व 11वीं की प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन भरे जा रहे है, जिसकी अंतिम तिथि 23.09.2025 है।

विद्यालय द्वारा कुसमी जैसे दुर्गम क्षेत्रों में श्री विकास द्वारा दिनॉक 29.07.2025 को विभिन्न विद्यालयों जैसे कुसमी, जूरी, कमछ, पोंडी इत्यादि जगहो में जाकर छात्रों को कक्षा 6वीं, 9वीं व 11वीं में आवेदन भरने की समस्त जानकारी प्रदान की गई। इस कार्य में विकासखण्ड कुसमी के बीआरसीसी श्री अंगिरा द्विवेदी के द्वारा सहयोग और मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

# बॉक्सिंग संघ के मुक्केबाजो ने जीते राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में पदक

**सीधी**

विगत 28 जुलाई से 29 जुलाई तक भोपाल शहर के टी.टी. नगर स्टेडियम मे अंडर 15 बालक/बालिका चौथी सबजूनियर मध्यप्रदेश राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता 2025 का आयोजन मध्यप्रदेश बॉक्सिंग संघ एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सयुंक्त तत्वाधान से आयोजित किया गया। जिसमें सीधी जिला बॉक्सिंग संघ एवं महाराणा प्रताप बॉक्सिंग एकेडमी छत्रसाल स्टेडियम सीधी के 6 मुक्केबाज बॉक्सिंग कोच आदर्श द्विवेदी के नेतृत्व मे सम्मिलित हुए।



सीधी जिला बॉक्सिंग संघ के सचिव राजकुमार गुप्ता एवं बॉक्सिंग संघ के सहसचिव एवं बॉक्सिंग एकेडमी के मुख्य कोच सूरज शुक्ला ने बताया कि हमारी बॉक्सिंग एकेडमी सीधी जिले मे कई वर्षो से संचालित है जिसमें से सैकड़ो खिलाड़ी स्कूल खेल एवं ओपन खेल की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता मे सम्मिलित हो चुके है साथ ही एक दर्जन से ज्यादा मुक्केबाज राष्ट्रीय स्तर की बॉक्सिंग प्रतियोगिता मे सम्मिलित हो चुके है जहाँ हमने पदक भी जीते है। यह बताते हुए मुझे खुशी हो रही है कि सीधी जिला बॉक्सिंग संघ से प्रशिक्षित 3 मुक्केबाज- 33-35 किग्रा मे आसमांक यादव कास्य पदक, 37-40 किग्रा मे दिव्यांशु यादव रजत पदक, 43-46 किग्रा मे सागर जायसवाल कास्य पदक।

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता मे अच्छा प्रदर्शन करते हुए पदक जीते है जो कि जिले के लिए गौरव का विषय है। प्रतियोगिता में पदक जितने वाले खिलाड़ियों की सीधी जिला बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष डॉ. अनूप मिश्रा ने जानकारी दी कि सीधी जिला बॉक्सिंग संघ के बच्चे काफी मेहनत कर संघ, एकेडमी एवं जिले का नाम रोशन कर रहे हैं। यह अत्यंत गौरव की बात है हमारा आशीर्वाद एवं सहयोग सदैव बच्चों के साथ है। प्रतियोगिता मे सम्मिलित होने वाले मुक्केबाजो, कोच एवं सीधी जिला बॉक्सिंग संघ को सांसद डॉ. राजेश मिश्रा, विधायक रीती पाठक, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती काजल वर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी पवन सिंह, जिला क्रीड़ा प्रभारी हरिशंकर पांडेय, ब्लाक क्रीड़ा अधिकारी दिलीप वर्मा, विश्वबंधुधर द्विवेदी, रवि केशरी, खेल प्रशिक्षक कैलाश वर्मा, डॉ रामाश्रय पाल, आनंद सिंह गहरवार, ज्ञानेंद्र सिंह, विनोद कुशवाहा, अनिल कुमार विश्वकर्मा, सहायक कोच सत्यम शुक्ला, सहायक कोच, सहायक कोच, प्रभाकर सिंह सहायक कोच, पीयूष पटेल सहायक कोच आदि लोगों ने बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# पुरानी पेंशन के लिए आज सौंपा जाएगा ज्ञापन

**सीधी।** पुरानी पेंशन बहाली के प्रांतीय प्रवक्ता अभयराज योगी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि एनएमओपीएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु जी द्वारा पुरानी पेंशन बहाली हेतु, निजीकरण का विरोध, एनपीएस, यूपीएस का विरोध हेतु राष्ट्र व्यापी रोष मार्च के लिए 1 अगस्त 2025 के दिन का आव्हान किया है। इसी तारतम्य में आज जिला मुख्यालय पर अधिकारी-कर्मचारी अपना रोष व्यक्त कर कलेक्टर महोदय के माध्यम से प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री जी एवं माननीय प्रधानमंत्री जी के नाम ज्ञापन सौंपेंगे।साथ ही जिला स्तर की समस्याओं का भी ज्ञापन सौंपा जायेगा। आप सभी का सहयोग अपेक्षित है जो शोषण से मुक्ति की राह खोलेगा, बुढ़ापे को सुरक्षित



करेगा, आने वाली पीढ़ियों के लिए रोजगार के अवसर सुरक्षित करेगा। अत: आप सभी से रोष मार्च में संबल प्रदान हेतु उपस्थित होने का अनुरोध है।ध्यान रहे कलेक्टर कार्यालय के पास विथिका भवन सीधी।समय-4:00 बजे अपरान्ह। जय भारत सिंह,सुरेश पांडेय,संजय पांडेय, ज्ञानेंद्र सिंह,धीरज सिंह,राकेश द्विवेदी, शैलेंद्र मिश्रा, मनीष पाण्डेय, उमा सिंह, आरती पाण्डेय, प्रज्ञा पाठक,मीरा सिंह,आदि साथियों ने आप सभी से सहयोग की अपील किन है।

# नाबालिग से छेड़छाड़ के मामले में आरोपी को 5 वर्ष का कठोर कारावास

**सीधी।** बताया गया किदिनांक 02.03.2023 को अभियोक्त्री ने अपनी माता एवं पिता के साथ महिला थाना सीधी में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह कक्षा 3 में पढती है। सुबह 08ः00 बजे वह अपने छोटे भाई के साथ स्कूल बस में बैठकर स्कूल गई थी, करीब 04ः00 बजे छुट्टी हुई तो वह अपने भाई के साथ स्कूल बस में बैठकर वापस घर जा रही थी।

उसकी स्कूल बस हमेशा की तरह घर के पास मेन रोड पर उतार कर चली गई, जहां पर अभियुक्त मिला जिसे वह पहचानती है, मिला और उसके भाई को टाफी लेने भेज दिया और अभियोक्त्री से बोला कि चलो घर छोड देता हूं और मोटरसायकिल में बैठाकर कुछ दूर पुलिया के नीचे ले गया और अपना शर्ट पैंट उतारकर अश्लीहल हरकतें करने लगा। जिससे अभियोक्त्री ने हल्ल्‍ गोहार किया तो उसके बडे पिता जी एवं चाचा जी आ गये तो अभियुक्तर मोटरसायकिल छोडकर वहां से भाग गया। उक्त? पर से अभियुक्ता के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट अपराध क्रमांक 15/2023 अंतर्गत धारा 366, 354, 354(घ) भादवि एवं 7/8 पॉक्सो एक्ट/ पंजीबद्ध की गई एवं मामला विवेचना में लिया गया। संपूर्ण विवेचना पश्चा त् अभियोग पत्र तैयार कर माननीय न्यालयालय सीधी में प्रस्तुत किया गया। जिसके न्यायालयीन विशेष सत्र प्रकरण क्रमांक10/2023में शासन की ओर से सशक्तय पैरवी करते हुए सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी श्री प्रशान्ता कुमार पाण्डेय के द्वारा अभियुक्त को संदेह से परे प्रमाणित कराया गया, जिसके परिणामस्व रूप माननीय न्या3यालय विशेष न्यियाधीश, पॉक्सोण एक्टप सीधी के द्वारा अभियुक्ति विपिन कुमार द्विवेदी उर्फ भगवान तनय स्वा. धीरमणि द्विवेदी उम्र 52 वर्ष, निवासी ग्राम मल्दे वा थाना रामपुर नैकिन जिला सीधी को धारा 366, 354 भादवि एवं पॉक्सोर एक्टक की धारा 9(एम)/10 एवं 12 पॉक्सोय एक्ट5 में दोषसिद्ध करते हुए कुल 05 वर्ष के सश्रम कारावास एवं कुल 3,500/- रूपये के अर्थदण्डन से दण्डित किया गया।

# बृजेन्द्र सिंह छठवी बार बने जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष

**सीधी।** जिला अधिवक्ता संघ सीधी के पदाधिकारियो और कार्यकारिणी सदस्यो के वर्ष 2025-2027 के निर्वाचन दिनाक 30 जुलाई को हुये निर्वाचन मे अध्यक्ष बृजेन्द्र सिंह की छठवी बार अध्यक्ष बनने का एतिहासिक जीत हुई है वर्ष 2018 से लगातार चार बार अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बने रहे है। नवनिर्वाचन अध्यक्ष पद के लिये 6 उम्मीदवार अपना नामांकन पत्र भरे गये थे जिसमे बृजेन्द्र सिंह




अपने निकटतम प्रतिद्वंदी शत्रुधन तिवारी से 106 मत से विजई हुये है। 1015 अधिवक्ता मतदाताओ ने कुल 927 अधिवक्ता ने मत डाले गये थे जिसमे अध्यक्ष पद के लिये बृजेन्द्र सिंह को 392 मत, शत्रुधन तिवारी को 286 मत, मुनीन्द्र द्विवेदी को 127 मत, अरविन्द शुक्ला को 87 मत, महेन्द्र सिंह चैहान को 17 मत, हारुन मन्सूरी को 14 मत प्राप्त हुये और 4 मत निरस्त हुये है, बृजेन्द्र सिंह एक बार फिर से अध्यक्ष बनने पर कहा कि अधिवक्ता संघ सीधी मे अधिवक्ताओ के द्वारा पूरा विश्वास कर अपना पूरा समर्थन सहयोग दिया गया है यह अधिवक्ताओ की जीत है, जूनियर अधिवक्ताओ का पूरा उत्साह के साथ समर्थन और सहयोग मिला, अधिवक्ताओ और अधिवक्ता संघ सीधी के हितो के लिय हमेशा तत्पर रहेगे।

# वर्षा ऋतु में पशुपालक करें पशुओं की देखभाल

**शहडोल।** बदलते मौसम में जहाँ मानव जीवन के स्वास्थ्य सुरक्षा पर फोकस जरूरी है, वहीं पशुधन की भी वर्षा ऋतु में देखभाल बहुत आवश्यक है। इस मौसम में वातावरण में आई नमी में बढ़ोत्तरी के कारण पशुओं पर नकारात्मक प्रभाव पडता है, जिससे पशुओं की रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है, जीवाणु, विषाणु फफूंद जनित एवं पशु परजीवियों जैसे जूं, मक्खी व मच्छरों से होने वाली सभी प्रकार की बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए पशुपालन एवं डेयरी विभाग के उप संचालक डॉ. अषोक सिंह ने बताया है कि बरसात के मौसम में पशुपालकों को पशुओं का विशेष ध्यान रखना चाहिए। पशुओं को सूखे स्थान पर रखें जहां पर हवा व धूप की मात्रा पर्याप्त हो।

## कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला–सीधी (म0प्र0)

Email-modgmsid@mp.gov.in

क्रमांक / 571 / खनिज / 2025 — सीधी, दिनांक 29/07/2025

// प्रथम सूचना //

" म0प्र0 गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18(1–क) "

यह सूचित किया जाता है कि, आवेदक सिद्धिदात्री मिनरल्स प्रा.लि. निवासी शास्त्री नगर सीधी, थाना कोतवाली, तहसील–गोपदवनास, जिला–सीधी द्वारा ग्राम–गिजवार, तहसील–मझौली, द्वारा पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन आवेदन 21.07.2025 को प्रस्तुत किया गया है। दिनॉक 02.08.2025 से 01.09.2025 तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई–खनिज पोर्टल https://ekhanijmp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

आवेदन का संक्षिप्त विवरण

| जिला | तहसील | ग्राम | ख.क्र. | रकबा | भूमि का प्रकार | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सीधी | मझौली | गिजवार | 956, 972, | 2.108 | निजी /शासकीय | ग्रेनाईट | – |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय साय 05:30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदन पत्र प्राप्त होते है, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म0प्र0 गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जायेगा।
3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन प्राप्त होते है तो पुनः 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जायेगी। विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनॉक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगें। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र द्वारा तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म0प्र0 गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जायेगा।
4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नही होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नही लिया जायेगा।

प्रभारी अधिकारी
( खनिज शाखा )
जिला सीधी ( म.प्र. )

जी-16484/25

## कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला–सीधी (म0प्र0)

Email-modgmsid@mp.gov.in

क्रमांक / 561 / खनिज / 2025 — सीधी, दिनांक 29/07/2025

// प्रथम सूचना //

" म0प्र0 गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18(1–क) "

यह सूचित किया जाता है कि, आवेदक सिद्धिदात्री मिनरल्स प्रा.लि. निवासी शास्त्री नगर सीधी, थाना कोतवाली, तहसील–गोपदवनास, जिला–सीधी द्वारा ग्राम–उडैसा, तहसील–गोपदवनास द्वारा पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन आवेदन 22.07.2025 को प्रस्तुत किया गया है। दिनॉक 02.08.2025 से 01.09.2025 तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई–खनिज पोर्टल https://ekhanijmp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

आवेदन का संक्षिप्त विवरण

| जिला | तहसील | ग्राम | ख.क्र. | रकबा | भूमि का प्रकार | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सीधी | गोपदवनास | उडैसा | 572 | 3.900 | निजी | ग्रेनाईट | – |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय साय 05:30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म0प्र0 गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जायेगा।
3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन प्राप्त होते है तो पुनः 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जायेगी। विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनॉक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेगें। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र द्वारा तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म0प्र0 गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जायेगा।
4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नही होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नही लिया जायेगा।

प्रभारी अधिकारी
( खनिज शाखा )
जिला सीधी ( म.प्र. )

जी-16526/25

## संपादकीय

### थकी–तनावग्रस्त पीढ़ी

अपने हालिया अध्ययन में यूरोपीय आयोग ने चिंता जतायी है कि सोशल मीडिया पर अतिसक्रियता से युवा पीढ़ी तनाव व थकान से जूझ रही है। इस संकट को लेकर भारतीय समाजविज्ञानी, चिकित्सक व मीडिया भी लंबे समय से चेतावनी देता रहा है। लेकिन जब कोई मुहिम व अध्ययन पश्चिमी जगत से आता है तो हम उसे विशेष महत्व देने लगते हैं। अब जब यूरोपीय आयोग जेनरेशन जेड को लेकर अपने निष्कर्ष सामने ला रहा है तो भारत में नये सिरे से उसकी चर्चा होने लगी है। विडंबना यह है कि पिछली सदी के अंतिम वर्षों से लेकर इस सदी के पहले दशक में पैदा हुए बच्चों की यह पहली पीढ़ी है, जिसे कम उम्र में ही सोशल मीडिया के विभिन्न मंचों से रूबरू होने का मौका मिल गया था। यह पीढ़ी पारंपरिक मानकों को चुनौती देकर अपना नया आकाश तलाशने की जद्दोजहद में जुटी रही है। इस पीढ़ी ने परंपरागत जीवन मूल्यों को तिलांजलि देकर अपनी महत्वाकांक्षाओं को अंजाम दिया। साथ ही नये नजरिये की जीवनशैली का अंगीकार किया। यह पीढ़ी डिजिटल युग के साथ कदमताल करती नजर आई। इंटरनेट के विस्तार के साथ वह सोशल मीडिया के प्लेटफॉर्मों के साथ सहज दिखी। लेकिन काल्पनिक धरातल पर उगा सोशल मीडिया इस पीढ़ी को यथार्थ से बहुत दूर ले गया। फलत–कठोर यथार्थ से जूझते हुए यह पीढ़ी कल्पना व वास्तविकता के द्वंद्व के चलते तनाव व असहजता के भंवर में जा फंसी। इस बात की पुष्टि यूरोपीय आयोग का अध्ययन भी करता है। आयोग कहता है कि लगातार सोशल मीडिया में सक्रियता के चलते युवाओं में चिंता, मानसिक थकान, कुछ खोने का भय व मोबाइल में चिपके रहने की विसंगतियां सामने आई हैं। यहां उल्लेखनीय है कि वर्ष 2024 के विश्व खुशी सूचकांक रिपोर्ट में भी इन खतरों की तरफ इशारा किया गया था। इस रिपोर्ट में कहा गया था कि युवा वर्ग सबसे अधिक दुखी है। चौंकाने वाली बात यह थी कि उनमें तनाव व डिप्रेशन की वजह पढ़ाई या कैरियर की चिंता नहीं थी बल्कि इसकी मूल वजह सोशल मीडिया ही था।

वास्तव में हमने कोरोना संकट से उबरने के लिये जिस ऑनलाइन व्यवस्था को अस्त्र के रूप में अपनाया था, कालांतर वह ही शस्त्र बनकर युवा पीढ़ी को जख्मी करने लगा। उल्लेखनीय है कि विश्वव्यापी कोरोना महामारी के दौरान जब संचार बंदी लागू हुई तो पूरी दुनिया में जनजीवन ठप पड़ गया।

*विद्यालय प्रबंधन को इस बात की जानकारी नहीं थी कि भवन का यह हिस्सा जर्जर हो चुका है और यहां कक्षाएं संचालित करना हादसे को न्योता देना है? अगर सब मालूम था तो ऐसा जोखिम उठाने की क्या वजह रही? पीड़ित परिवार की पीड़ा इन सवालों के जवाब ढूंढ़ रही है। झालावाड़ के जिला अधिकारी का कहना है कि प्रशासन ने हाल ही में शिक्षा विभाग को किसी भी जर्जर स्कूल भवन की जानकारी देने का निर्देश दिया था, लेकिन इस विद्यालय का भवन सूची में शामिल नहीं था। जब यह हादसा हो गया तो प्रशासन ने इस भवन के दूसरे हिस्से को भी गिरा दिया, ताकि वहां गलती से भी कक्षाएं संचालित न की जाएं। यही नहीं, राज्य सरकार ने अब विद्यालयों की तमाम इमारतों का सुरक्षा सर्वेक्षण कराने के निर्देश भी दिए हैं। मगर, सवाल है कि शासन-प्रशासन की ओर से ऐसी सतर्कता किसी हादसे के बाद ही क्यों दिखाई देती है? क्या ऐसी लापरवाही इसलिए बदस्तूर चलती रहती है कि ऐसे स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे आमतौर पर समाज के हाशिए के तबके से आते हैं? अगर जिला अधिकारी की ओर से कोई निर्देश दिया जाता है तो उस पर अमल सुनिश्चित करना किसकी जिम्मेदारी है? यह हादसा सिर्फ एक बानगी है, देशभर में न जाने कितने विद्यालय जर्जर इमारतों में संचालित हो रहे हैं।*

# पुरानी जर्जर स्कूल इमारतों में जान की कीमत पर पढ़ाई!

मनोज कुमार अग्रवाल

नागरिकों को आधार भूत मूल सुविधाएं यथा स्वच्छ पानी, बिजली, स्वास्थ्य सेवा व कम खर्च पर स्तरीय शिक्षा उपलब्ध करवाना केन्द्र एवं राज्य सरकारों की जिम्मेदारी है परन्तु दोनों ही यह जिम्मेदारी निभाने में असफल हो रही हैं।हमारे सरकारी स्कूलों की दशा बेहद दयनीय है और कई स्कूलों की जर्जर हो चुकी स्कूल इमारत में छात्रों पर मौत मंडराती है। यह बात विशेष रूप से बेसिक व जूनियर कक्षाओं वाले स्कूलों पर लागू होती है।

आपको बता दें कि विद्यालय में शिक्षक बच्चों को सीख देते हैं कि हैं कि उन्हें अपना काम पूरी लगन, मेहनत और जिम्मेदारी के साथ करना चाहिए। मगर, राजस्थान में झालावाड़ के पिपलोदी गांव स्थित सरकारी विद्यालय के शिक्षक एवं प्रबंधन खुद अपनी जिम्मेदारी भूल गए और जर्जर इमारत का एक हिस्सा ढहने से एक साथ आधा दर्जन घरों के चिराग बुझ गए। हादसे में सात मासूमों की जान चली गई। इस दुखद घटना ने ग्रामीण इलाकों में सरकारी विद्यालयों के बुनियादी ढांचे की स्थिति और व्यवस्थागत प्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। क्या शिक्षकों और विद्यालय प्रबंधन को इस बात की जानकारी नहीं थी कि भवन का यह हिस्सा जर्जर हो चुका है और यहां कक्षाएं संचालित करना हादसे को न्योता देना है? अगर सब मालूम था तो ऐसा जोखिम उठाने की क्या वजह रही? पीड़ित परिवार की पीड़ा इन सवालों के जवाब ढूंढ़ रही है। झालावाड़ के जिला अधिकारी का कहना है कि प्रशासन ने हाल ही में शिक्षा विभाग को किसी भी जर्जर स्कूल भवन की जानकारी देने का निर्देश दिया था, लेकिन इस विद्यालय का भवन सूची में शामिल नहीं था। जब यह हादसा हो गया तो प्रशासन ने इस भवन के दूसरे हिस्से को भी गिरा दिया, ताकि वहां गलती से भी कक्षाएं संचालित न की जाएं। यही नहीं, राज्य सरकार ने अब विद्यालयों की तमाम इमारतों का सुरक्षा सर्वेक्षण कराने के निर्देश भी दिए हैं। मगर, सवाल है कि शासन-प्रशासन की ओर से ऐसी सतर्कता किसी हादसे के बाद ही क्यों दिखाई देती है? क्या ऐसी लापरवाही इसलिए बदस्तूर चलती रहती है कि ऐसे स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे आमतौर पर समाज के हाशिए के तबके से आते हैं? अगर जिला अधिकारी की ओर से कोई निर्देश दिया जाता है तो उस पर अमल सुनिश्चित करना किसकी जिम्मेदारी है? यह हादसा सिर्फ एक बानगी है, देशभर में न जाने कितने विद्यालय जर्जर इमारतों में संचालित हो रहे हैं। राज्य सरकारों को चाहिए कि ऐसी इमारतों की पहचान कर उन्हें असुरक्षित घोषित किया जाए। साथ ही लापरवाही बरतने वालों की जवाबदेही तय कर उनके खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए, ताकि विद्यालयों में बच्चों की जिंदगी से



खिलवाड़ न हो। राजस्थान के सरकारी स्कूलों में बच्चों की ये सुरक्षा को लेकर सरकार कितनी गंभीर है, इसकी पोल झालावाड़ में हुए स्कूल हादसे ने खोल दी है। इससे पता चलता है कि स्कूलों में बच्चों की जान भी सुरक्षित नहीं है। माता-पिता ने जब मासूमों का शव देखा तो उन पर कहर टूट पड़ा। एक साथ पढ़ने गए भाई-बहन भी अकाल मौत का ग्रास बन गए। उनके परिवारों का सब कुछ खत्म हो गया। पूरे गांव में हर कोई आंसू बहाते हुए सरकारी तंत्र को कोस रहा है। राज्य के सैकड़ों स्कूलों के संस्था प्रधान पिछले दो साल से विभाग से भवनों की मरम्मत के लिए बजट मांगते मांगते थक गए, लेकिन सरकारी तंत्र पर कोई असर नहीं हुआ। प्रदेश में आठ हजार स्कूल ऐसे हैं, जहां बारिश के दिनों छत टपक रही हैं। दीवारें जर्जर हैं और प्लास्टर उखड़ रहा है। कई जगह स्कूल छत को गिरने से बचाने के लिए लकड़ी के पट्टों का इस्तेमाल किया जा रहा है। शिक्षा विभाग ने हाल ही आठ हजार स्कूलों का प्रस्ताव स्कूल शिक्षा परिषद को भेजा। इनमें से महज दो हजार स्कूलों का चयन कर इनमें मरम्मत के लिए 175 करोड़ प्रस्ताव बनाकर सरकार को भेज दिया, लेकिन राशि अभी तक नहीं मिली। जैसा कि हर हादसे के बाद सरकारी विभाग की नींद खुलती है इस हादसे के बाद भी लकीर पीटने का काम शुरू कर दिया गया और हर जिले के सरकारी स्कूलों का निरीक्षण किया गया । सीएमओ के सख्त निर्देश के बाद विभाग ने जिला शिक्षा अधिकारियों से जर्जर भवनों की एक बार फिर सूचना मंगवाई। इस बार केंद्र से सिर्फ नवीन भवनों का बजट मिला। इसके चलते सरकार ने पिछले बजट में 700 स्कूलों की मरम्मत की घोषणा की। इसके लिए 80 करोड़ जारी हो गए, जिनका कार्य चल रहा है। वहीं, हाल ही बजट में 175 करोड़ स्वीकृत किए गए। लेकिन बजट कम होने के कारण दो हजार स्कूलों को शामिल किया गया। करीब छह हजार स्कूल मरम्मत का इंतजार कर रहे हैं। मध्य प्रदेश के सिंगरौली जिले में कई सरकारी स्कूल खंडहरों में तबदील हो चुके हैं। वहां छतें टपक रही हैं, प्लास्टर और सीमेंट दीवारों का साथ छोड़ रहा है। दीवारें दरारों से भरी हुई हैं। अनेक स्थानों पर छतों की हालत इतनी खराब है कि ये कब गिर जाएं, उसका कोई भरोसा नहीं। अनेक स्कूलों में पीने का साफ पानी भी उपलब्ध नहीं। बच्चे तथा शिक्षक अपने घरों से पानी लेकर आते हैं। शौचालयों की हाल हालत भी काफी नारकीय है। मध्य प्रदेश के जोगियानी गांव के कई स्कूलों में वर्षा के कारण टपकती छतों के नीचे बैठे बच्चों को भीगते भी देखा। इन स्कूलों में छात्र-छात्राएं, जान जोखिम में डाल कर पढ़ाई कर रहे हैं। वर्षा ने सरकारी भवनों की जर्जर हालत की पोल खोल दी है। 20 जुलाई को भोपाल (मध्य प्रदेश) के बरखेड़ा पठानी स्थित सरकारी पीएम श्री स्कूल के एक कमरे में चल रही कक्षा के दौरान छत से प्लास्टर का एक बड़ा टुकड़ा भरभरा कर एक छात्रा के सिर पर आ गिरा जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई और उसे कई टांके लगाने पड़े और अब मौजूदा हादसा 25 जुलाई को सुबह पौने आठ बजे राजस्थान में झालावाड़ जिले के पीपलोधी गांव के सरकारी स्कूल की जर्जर इमारत ढह जाने से 7 बच्चों की दर्दनाक मौत और 35 बच्चे मलबे के नीचे दब गए। इन्हें इलाज के लिए मनोहर थाना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां इनमें से 9 बच्चों की गंभीर हालत को देखते हुए दूसरे अस्पताल रैफर किया गया है।

इस मामले में स्कूल प्रशासन की लापरवाही सामने आई है। जब कुछ बच्चों ने कक्षा में मौजूद अध्यापक से कहा कि छत गिर रही है तो कथित रूप से अध्यापक ने यह कह कर उन्हें चुप करवा दिया कि बैठे रहो। ग्रामीणों का आरोप है कि अधिकारियों का इस ओर बार-बार ध्यान दिलाने के बावजूद इसकी मरम्मत नहीं करवाई गई तथा पिछले कुछ दिनों की भारी वर्षा ने इसकी स्थिति को और कमजोर कर दिया था। कई बार शिकायतें की गई थीं परंतु प्रशासन ने ध्यान नहीं दिया। हालांकि अब स्कूल के हैडमास्टर सहित 5 अध्यापकों को निलम्बित कर दिया गया है।

ये घटनाएं तो नमूना मात्र हैं, ऐसे में छात्रों के अभिभावकों द्वारा यह प्रश्न पूछना उचित ही है कि बच्चों को ऐसे असुरक्षित भवनों में पढ़ने के लिए क्यों मजबूर किया जा रहा है? इन घटनाओं ने देश भर में शिक्षा विभाग की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अतः इसके लिए जिम्मेदार स्टाफ के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए।

इसी से सबक लेकर केंद्र सरकार ने देश भर के सभी स्कूलों के भवनों का सर्वेक्षण कराने का निर्देश जारी किया है।

स्कूली शिक्षा राज्यों का विषय है तथा विभिन्न राज्यों के शिक्षा बोर्ड सरकारी स्कूलों का संचालन करते हैं। अतः राज्यों के शिक्षा बजट में वृद्धि करके स्कूलों की पुरानी तथा खस्ताहाल इमारतों को तुरंत सुधारना चाहिए ताकि ऐसी दुर्घटनाओं में देश के भावी कर्णधार बच्चों की जान न जाए।(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)

# बहुत ही विस्तृत और महत्वपूर्ण है मुंशी प्रेमचंद का रचना संसार

विजय केसरी

कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद की कृतियां सदा पाठकों के बीच जीवित रहेंगी। प्रेमचंद का रचना संसार बहुत ही विस्तृत और महत्वपूर्ण है । उनकी कहानियों के पात्र आज भी बदलते सामाजिक और राजनीतिक परिदृश्य में उसी तरह संघर्ष रत हैं। सत्ता के शीर्ष पर बैठे हुकुम रानो से प्रेमचंद की कहानियों के पात्र उसी तरह सामाजिक बदलाव के लिए आंदोलन रत हैं । यह बड़ा सवाल है। इतना कुछ बदल जाने के बावजूद आज भी उनकी कहानियों के पात्र उसी तरह लाचार, बेबस और निसहाय क्यों हैं ? हम सब विकास और आधुनिकता की जितनी भी बातें कर लें, लेकिन गांवों और कस्बों की सूरत अभी नहीं बदल पाई है । इन्हीं गांवों और कस्बों की सूरत को बदलने के लिए मुंशी प्रेमचंद लगातार अपने पात्रों के माध्यम से समाज को आईना और संघर्ष के लिए उठ खड़े होने की प्रेरणा देते रहे थे। इनकी कृतियां हर कालखंड में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करती रही थीं, रही हैं और रहेंगी । प्रेमचंद हिंदी साहित्य के एक ऐसे लेखक बनकर उभरे, जिन्होंने अपनी कलम और सोच की बदौलत प्रचलित कहानियों की धारा को ही बदल कर रख दी थी। उन्होंने, समकालीन व पूर्व के लेखकों को कहानी रचना कर्म की एक नई धारा से परिचित कराया था। उस कालखंड में यह बात प्रचलित थी कि हिंदी कहानियों में तिलस्म और ऐय्यारी का ही बोलबाला था । प्रेमचंद ने इस तिलस्म और ऐय्यारी को ध्वस्त कर रख दिया था।

समाज में नित क्या घटनाएं घट रही हैं ? समाज किस ओर जा रहा है ? समाज में रहने वाले लोगों की स्थिति क्या है ? पुरुषों और स्त्रियों की दशा क्या है ? उनका जीवन स्तर क्या है ? वे किस तरह जीवन निर्वाह कर रहे हैं ? समाज में बचों की स्थिति क्या है ? लड़कियों और बहुओं की स्थिति क्या है ? समाज में गरीबी और अमीरी की इतनी खाई क्यों है ? समाज में परिवारों के बीच तालमेल कैसा है ? लोगों का दांपत्य जीवन का कैसा है ? मेहनतकश मजदूरों की स्थिति कैसी है ? खून पसीना बहा कर खेती करने वाले कृषकों की स्थिति कैसी है ? ये तमाम महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दे हमारी प्रचलित कहानियों से दूर थे।

प्रेमचंद ने कहानियों के महत्व को समझा और अपनी कहानियों के माध्यम से समाज में एक बड़ा परिवर्तन लाने का सार्थक प्रयास किया था। प्रेमचंद ने अपनी कहानियों के माध्यम से समाज के सच से लोगों को परिचित कराया। उनकी कहानियों का भारतीय जनमानस पर बहुत ही गहरा प्रभाव पड़ा। उन्होंने लगभग तीन सौ कहानियां और बारह उपन्यास लिखा । इन कहानियों और उपन्यासों को पढ़ने से प्रतीत होता है कि उनकी तमाम कृतियां सामाजिक यथार्थ से जुड़ी हुई हैं। उनकी कृतियां सामाजिक मुद्दे पर समाज में एक नई चेतना लाना चाहती हैं। उनकी कृतियां समाज में एक नई बहस कराना चाहती हैं, जिसका उद्देश्य सिर्फ सामाजिक परिवर्तन है ।

उनकी कहानियों समाज के दर्पण के रूप में भी जाना जाता है। उनके ही जीवन काल में जब उनकी कहानियां पत्रिकाओं में छप कर आती थीं, देखते ही देखते पाठकों के बीच लोकप्रिय हो जाया करती थी। उनकी कहानियां समाज में एक नई चेतना विकसित करने का काम किया है। समाज में जागृति लाने का काम किया है । प्रेमचंद जिस कालखंड में अपनी कहानियों को दर्ज कर रहे थे । गुलामी का दौर था । देश के स्वाधीनता सेनानी, देश को गुलामी से मुक्त कराने के लिए आंदोलनरत थे। तब भला प्रेमचंद इस आंदोलन से कैसे अलग रह सकते थे ? उन्होंने 1921 में महात्मा गांधी के आह्वान पर सरकारी इंस्पेक्टर पद की नौकरी से त्यागपत्र दे दिया और आजीवन स्वतंत्र रूप से लेखन करने का संकल्प लिया था। वे इस संकल्प के साथ पूर्णरूपेण लेखन से जुड़े रहे थे। फिर उन्होंने कभी भी सरकारी नौकरी की ओर मुख नहीं किया था। यह बात लिखने के पीछे उद्देश्य है कि उन्होंने अपनी कहानियों में जिन मूल्यों और सिद्धांतों को प्रस्तुत किया था। वे आजीवन उन्हीं मूल्यों और सिद्धांतों पर चलते भी रहे थे।

वे एक कहानीकार के साथ एक संवेदनशील इंसान भी थी । उनमें अन्य लोगों की अपेक्षा संवेदना यादा थी । यह संवेदना उनकी कहानियों में दिखती है। उनकी एक लोकप्रिय कहानी कफन है,जो तत्कालीन समय , समाज और देश की आर्थिक दशा को प्रस्तुत करती है। ग़रीबी और भूख क्या होती है ? इस बात को भी प्रस्तुत करती है । जब आदमी भूखा होता है, तब उसकी मानसिक अवस्था कैसी हो जाती है ? भूख आदमी को कितना नृशंस बना देती है ? इसकी भी तस्वीर कफन कहानी में उभर कर सामने आती है । इसके साथ ही मनुष्य जब मनुष्यता का त्याग कर देता है, तब वही मनुष्य, राक्षस के रूप में कैसे तब्दील हो जाता है। एक मनुष्य को दूसरे लाचार मनुष्य की पीड़ा भी सुनाई नहीं पड़ती है । कफन कहानी में प्रसव पीड़ा से कराह रही एक स्त्री की पीड़ा भी मनुष्य सुनाई नहीं पड़ती है । मनुष्य इतना नृशंस कैसे हो सकता है ? प्रसव पीड़ा से कराह रही एक स्त्री की पीड़ा तक उसे सुनाई नहीं देती है । क्या हमारे समाज का सच यही है ? सुबह, प्रसव पीड़ा से कराह रही स्त्री के मरणोपरांत, उसके दाह संस्कार के लिए मिले कुछ पैसे को, वे दोनों मनुष्य कैसे दुरुपयोग करते हैं। प्रेमचंद ने इस नृशंसता की तस्वीर बहुत ही जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। कफन कहानी के माध्यम से लेखक ने समाज के बदलते स्वरूप पर प्रहार किया । मनुष्य जब अपनी मनुष्यता छोड़ देता है, तब उसका रूप कितना नृशंस हो जाता है। इस कहानी को पढ़ने वाले किसी भी संवेदनशील पाठक की आंखें नम हो जाती हैं।

प्रेमचंद अपनी तमाम कहानियों के माध्यम से समाज के हर उथल-पुथल पर अपनी दृष्टि रखते हैं। एक परिवार में एक बहू की क्या भूमिका होनी चाहिए ? एक बेटी की क्या भूमिका होनी चाहिए ? एक बहू का अपने ससुराल के प्रति क्या कर्तव्य होना चाहिए ? ऐसे पारिवारिक मुद्दे पर प्रेमचंद ने बड़े घर की बेटी लिखकर पाठकों के बीच उनके ही आसपास घरों की घटनाओं को प्रस्तुत कर रख दिया। प्रेमचंद की कहानियों में समाज के अंतर्द्वंद्व, पीड़ा और शोषण की ध्वनि साफ सुनाई पड़ती है। प्रेमचंद के जमाने में गरीबी, बेरोजगारी और भुखमरी अपनी पराकाष्ठा पर थी । आम आदमी का जीवन स्तर बहुत ही निम्न कोटि का बन चुका था। वहीं शासक और ? जमींदार वर्ग बहुत ही शानदार जीवन जी रहे थे । उन्होंने समाज के इस दोहरे जीवन पर जमकर प्रहार किया है। एक ओर गरीबी, भुखमरी और लाचारी है, तो दूसरी ओर बड़े-बड़े आलीशान भवनों में रात में पार्टियां चल रही थीं ।

प्रेमचंद ने अपने आप को कभी भी यह नहीं कहा कि मैं कलम का बादशाह हूं, कलम का जादूगर हूं बल्कि उन्होंने यह दर्ज किया कि मैं कलम का एक सिपाही हूं । अर्थात वे कलम के माध्यम से समाज की चौकीदारी करते हुए नजर आते हैं । आज भी उनकी कहानियां समाज में घटित हो रही घटनाओं की ही चौकीदारी करती नजर आती हैं। उन्होंने स्वयं को कलम का एक मजदूर कहा । इस कथन के पीछे एक बहुत बड़ी बात छुपी हुई है । एक मजदूर जो अपने खून पसीने बहाकर एक इमारत को रूप आकार प्रदान करता है । उस मजदूर का वास्तविक जीवन कैसा होता है ? यह भी विचार करने की जरूरत है । मजदूरों के जीवन पर उन्होंने बहुत कुछ लिखा है। उन्होंने मजदूरों के खून पसीने पर समाज का ध्यान आकृष्ट किया है।

## वर्ग पहेली 5809

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | | 5 |
| 6 | | ■ | 7 | 8 | | ■ | |
| 9 | | 10 | ■ | 11 | | 12 | |
| ■ | 13 | | 14 | | ■ | 15 | |
| 16 | ■ | 17 | | | ■ | 18 | |
| 19 | 20 | ■ | | | | ■ | |
| 22 | | 23 | ■ | ■ | ■ | 24 | |
| | ■ | 25 | | ■ | 26 | | |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. यह चीनी जनावादी गणराज्य की राजधानीर है जिसे बीजिंग भी कहा जाता है (4)
4. समझौता, संधि (3)
6. निशा, विभावरी, रजनी (2)
7. रात्रि को यह भी कहते है (3)
9. यह देश जंबूद्वीप के दक्षिण पश्चिम खंड में स्थित देश है (3)
11. चुनौती (4)
13. रूपवती स्त्री, सुंदर स्त्री (4)
15. दार्शनिक प्रणाली, राय (2)
17. महर्षि परशुराम का शस्त्र (3)
18. गर्व, फख्र, घमंड (2)
19. बहुत बड़ा हथौड़ा, घनसार (2)
21. बांस की चटाई को यह भी कहते है (3)
22. मुश्किल, कठिन (3)
24. शत्रु, बैरी, दुश्मन (2)
25. संसार, जगत, दुनिया, जग (2)
26. पहरेदार, रखवाला, द्वारपाल (3)

**संकेत: ऊपर से नीचे**

1. पेरने की मजदूरी, पेरने की क्रिया (3)
2. इठलाना, ऐंठना (4)
3. पटना से करीब 90 किमी.दक्षिण में एक पुण्य स्थान जहां तिल आदि से श्राद्ध करने से चार महापातकों से मुक्ति होती है (2)
4. पहले रेडियो उद्घोषक फिर अभिनेता और अंत में राष्ट्रीय स्तर के नेता रहे जिनका निधन 25 मई 2005 को हुआ (सिर्फ नाम)(3)
5. पुरानी फिल्मों के गीतकार जो शंकर जयकिशन के पसंदीदा गीतकार थे (8)
8. सबसे प्रेमपूर्वक मिलने-जुलने वाला (5)
10. अरब का एक प्रसिद्ध नगर जहां हजरत अली की मजार है (3)
12. हसरत, आरजू, तमन्ना, वांछा (3)
14. मेघ, बादल (3)
16. सुप्रसिद्ध कवि कालिदास की प्रसिद्ध कृति (4)
20. पंचतत्वों मे से एक, आकाश, अंबर (2)
23. भास्कर, दिपपति, दिनकर (2)
24. परंपरा, वास्तविक, ईश्वरीय विधान (2)

### वर्ग पहेली 5808 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| शि | क्ष | क | दि | व | स | ■ | ■ |
| व | य | ■ | वा | र | दा | त | ■ |
| प्रि | ■ | प | क | ना | ■ | ला | ल |
| या | द | गा | र | ■ | भू | त | ल |
| ■ | न | र | ■ | ल | क | ल | क |
| वा | द | ■ | ■ | ग | ■ | ■ | ना |
| प | ना | ह | दे | ना | ■ | ना | ■ |
| स | ना | त | न | ■ | भू | टा | न |

# हमारे सौर मंडल से परे जीवन की आशा की किरण

विजय गर्ग

खगोलविदों ने %सुपर-अर्थ% 35 प्रकाश-वर्ष दूर की खोज की, जिससे हमारे सौर मंडल से परे जीवन की आशा बढ़ गई दुबई– ब्रह्मांड के बारे में हमारे दृष्टिकोण को फिर से आकार देने वाली एक शानदार खोज में, खगोलविदों ने एल 98-59 के रूप में जाना जाने वाला एक छोटा, शांत सितारा चक्कर लगाने वाले पांच चट्टानी ग्रहों की उल्लेखनीय रूप से घनी प्रणाली को इंगित किया है। इस खोज को विशेष रूप से रोमांचकारी बनाता है, यह एक %सुपर-अर्थ% की पुष्टि है जो आराम से स्टार के रहने योग्य क्षेत्र के भीतर स्थित है, एक ऐसा क्षेत्र जहां स्थितियां संभवतः तरल पानी के लिए अनुमति दे सकती हैं।

यह असाधारण ग्रह प्रणाली, पृथ्वी से मात्र 35 प्रकाश वर्ष, हमारे सौर मंडल से परे ग्रह निर्माण के रहस्यों और जीवन के लिए आवश्यक अवयवों को उजागर करने के लिए उत्सुक वैज्ञानिकों के लिए एक प्राकृतिक प्रयोगशाला के रूप में कार्य करती है। नासा के ट्रांजिटिंग एक्सोप्लैनेट सर्वे सैटेलाइट द्वारा तीन ग्रहों (एल 98-59 बी, सी, और डी) का प्रारंभिक पता लगाना संभव बनाया गया था, जो ग्रहों की परिक्रमा के कारण एक तारे की चमक में सूक्ष्म रूप से सूक्ष्म डिप्स का निरीक्षण करता है।

इसके अलावा गहराई से विश्लेषण, शक्तिशाली जमीन आधारित उपकरणों से उच्च परिशुद्धता टिप्पणियों के साथ टीईएसएस से डेटा का सावधानीपूर्वक संयोजन, एक चौथे ग्रह (एल 98-59 ई) की रोमांचक पुष्टि के लिए नेतृत्व किया और, सबसे विशेष रूप से, एक पांचवां ग्रह, एल 98-59 एफ। यह नव पुष्ट सुपर-अर्थ, हमारे अपने ग्रह के द्रव्यमान का लगभग तीन गुना होने का अनुमान है, अपने मेजबान तारे से समान मात्रा में ऊर्जा प्राप्त करता है जैसा कि पृथ्वी सूर्य से करती है, इसे उस क्षेत्र के भीतर मजबूती से रखती है जहां तरल पानी, एक आधारशिला जीवन जैसा कि हम जानते हैं, सैद्धांतिक रूप से मौजूद हो सकता है।

एल 98-59 प्रणाली ग्रहों की रचनाओं की एक आश्चर्यजनक विविधता दिखाती है। कम एल 98-59 बी से, जो पृथ्वी से छोटा है, एल 98-59 सी और डी की पेचीदा संभावनाओं के लिए ज्वारीय रूप से गर्म ज्वालामुखीय दुनिया जा रहा है या यहां तक कि विशाल महासागरों के पास भी है।

जीवन की उत्पत्ति के लिए खोज नासा एक्सोप्लैनेट अन्वेषण में सबसे आगे बना हुआ है, जिसमें टीईएसएस जैसे मिशन ऐसी खोजों के लिए मूलभूत डेटा प्रदान करते हैं। एजेंसी के शक्तिशाली जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप पहले से ही इन दूर की दुनिया के अनुवर्ती वायुमंडलीय अध्ययनों में लगे हुए हैं, जो उनके रासायनिक श्रृंगार और जीवन को परेशान करने की क्षमता के बारे में महत्वपूर्ण सुराग चाहते हैं। यह सहक्रियात्मक दृष्टिकोण, अंतरिक्ष-आधारित टिप्पणियों और अत्याधुनिक ग्राउंड-आधारित प्रौद्योगिकी दोनों का लाभ उठाते हुए, इन आकर्षक खगोलीय पिंडों की हमारी समझ का तेजी से विस्तार कर रहा है।

# आज का राशिफल

**मेष**

आज आपको कोई उपहार या समाज में सम्मान प्राप्त हो सकता है। व्यापार के मामले में किसी पुरानी महिला मित्र के द्वारा आपको अचानक धन लाभ हो सकता है। जिससे मन प्रसन्न रहेगा और तनाव कम होगा। नौकरी करने वालों को भी सफलता प्राप्त होगी। शाम के समय आपको अचानक किसी यात्रा पर जाना पड़ सकता है, जो लाभदायक साबित होगी।

**वृष**

आज व्यापार के मामले में अच्छा रहने वाला है। आपको अचानक कोई लाभ प्राप्त हो सकता है और मन को सुकून प्राप्त होगा। कार्यक्षेत्र में आपको किसी ऐसे काम का शुभ परिणाम प्राप्त हो सकता है, जिसका लंबे समय से इंतजार कर रहे थे। इसी के चलते आपका मन प्रसन्न रहेगा। वहीं, शाम को परिवार के साथ अच्छा समय बिताएंगे जिससे मानसिक तनाव कम होगा।

**मिथुन**

आज आपके द्वारा किया हुआ कोई भी काम आसानी से पूरा हो जाएगा। लेकिन आपको अनावश्यक कार्यों में समय लगाने से बचना होगा। साथ ही, आपको खर्च में भी कटौती करनी होगी वरना भविष्य में किसी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

**कर्क**

आज किसी व्यक्ति के साथ निकटता और दोस्ती हो सकती है। उनके अनुभव से आपको लाभ भी प्राप्त हो सकता है। इससे साथियों के बीच भी आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी। इसके अलावा, विद्यार्थियों को सलाह है कि वे अपना ज्यादा समय पढ़ाई–लिखाई पर लगाएं। शाम के समय घर में पूजा व किसी धार्मिक अनुष्ठान का

**सिंह**

आज सांसारिक सुख प्राप्त होगा। समाज में भी आपके मान–सम्मान में वृद्धि होगी और भाग्य चमकने के योग भी बन रहे हैं। व्यापार के मामले में नए कार्यों और खोज में आपकी रुचि बढ़ सकती है। पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है, जिससे जीवन में उत्साह बढ़ेगा। वहीं, घर में भी उत्सव जैसा माहौल बना रहेगा।

**कन्या**

आज कार्यस्थल पर आपके ऊपर काम का प्रेशर कुछ ज्यादा रह सकता है, जिससे तनाव बढ़ेगा। अपने जूनियर्स से काम करवाने के लिए आपको मधुर वाणी का प्रयोग करना होगा। घर में चल रही समस्याओं को आपको संयम के साथ दूर करना होगा। इससे धीरे–धीरे आपके समाधान मिलने लगेंगे।

**तुला**

आज व्यापार के मामले में आपको जल्दबाजी में फैसले लेने से बचना होगा, अन्यथा नुकसान का सामना करना पड़ सकता है। अपने निजी जीवन की समस्याओं को व्यावसायिक मामलों में लाने से बचना होगा वरना नुकसान हो सकता है। किसी प्रियजन या जीवनसाथी के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो सकती है।

**वृश्चिक**

आज किसी व्यक्ति के साथ निकटता और दोस्ती हो सकती है। उनके अनुभव से आपको लाभ भी प्राप्त हो सकता है। इससे साथियों के बीच भी आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी। इसके अलावा, विद्यार्थियों को सलाह है कि वे अपना ज्यादा समय पढ़ाई–लिखाई पर लगाएं। शाम के समय घर में पूजा व किसी धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन हो सकता है।

**धनु**

आज विरोधी परास्त हो सकते हैं। राजनीतिक सहयोग प्राप्त होने की संभावना है, लेकिन आपको कार्यक्षेत्र में अपनी वाणी पर संयम रखना होगा। व्यापार के मामले में आपको पैसों की लेन–देन के समय सावधानी बरतनी होगी, अन्यथा नुकसान हो सकता है। शाम के समय नए संपर्क बन सकते हैं लेकिन किसी भी यात्रा के दौरान आपको सावधान रहना होगा।

**मकर**

आज आपको कोई उपहार या समाज में सम्मान प्राप्त हो सकता है। व्यापार के मामले में किसी पुरानी महिला मित्र के द्वारा आपको अचानक धन लाभ हो सकता है। जिससे मन प्रसन्न रहेगा और तनाव कम होगा। नौकरी करने वालों को भी सफलता प्राप्त होगी। शाम के समय आपको अचानक किसी यात्रा पर जाना पड़ सकता है, जो लाभदायक साबित होगी।

**कुंभ**

आज कोई शुभ समाचार सुनने को मिल सकता है और धन लाभ के भी अच्छे योग बन रहे हैं। इससे आपकी आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी। कार्यक्षेत्र में अपने व्यवहार और मधुर वाणी के चलते आपको लाभ प्राप्त हो सकता है। साथ ही, दूसरों की मदद करने में भी आप सफल रहेंगे। कामकाज के सिलसिले में किसी यात्रा की योजना प्रबल होकर स्थगित हो सकती है।

**मीन**

आज आप ज्यादा व्यस्त रहेंगे और भागदौड़ भी देखने को मिल सकती है। कार्यस्थल पर उच्च अधिकारियों से आपको सराहना मिलेगी और पिता भी आपकी तारीफ करेंगे। घर में किसी मंगलमय या धार्मिक आयोजन के चलते व्यस्त रह सकते हैं। लेकिन आपको जीवनसाथी का पूरा सहयोग और प्रेम मिलेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### स्वास्थ्य के लिए खतरा है, कबूतरों को दाना डाला तो हो सकती है जेल, हाईकोर्ट का पुलिस को सख्त निर्देश



**मुंबई, एजेंसी।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने बुधवार को कहा कि कबूतरों के झुंड को दाना डालना सार्वजनिक परेशानी उत्पन्न करने वाला कृत्य है और इससे लोगों के स्वास्थ्य को भी खतरा है। अदालत ने साथ ही मुंबई नगर निगम को ऐसी गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति जी.एस. कुलकर्णी और न्यायमूर्ति आरिफ डॉक्टर की पीठ ने पशु प्रेमियों के एक समूह द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि यह मुद्दा जनस्वास्थ्य से जुड़ा है और सभी उम्र के लोगों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर व संभावित खतरा है। अदालत ने इस महीने की शुरुआत में बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) को महानगर में किसी भी पुराने 'कबूतरखाने' (कबूतरों को दाना डालने के स्थान) को गिराने से रोक दिया था लेकिन कहा था कि वह इन पक्षियों के लिए दाना डालने की अनुमति नहीं दे सकती। अदालत ने बुधवार को कहा कि अनुमति न मिलने के बावजूद लोग इन 'कबूतरखानों' में कबूतरों को दाना डालना जारी रखे हुए हैं। पीठ ने कहा, यह स्थिति अब कानून की घोर अवहेलना की उभरती स्थिति से और भी जटिल हो गई है क्योंकि हमारे पहले के आदेश में कबूतरों को दाना डालने व उनके जमावड़े का समर्थन करने वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया गया था तथा अब नगर निगम के अधिकारियों को इस संबंध में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने से रोका जा रहा है। उच्च न्यायालय ने इसके बाद बीएमसी को निर्देशों की अवहेलना कर कबूतरों को दाना डालने वालों को दंडित करने का निर्देश दिया।

### गंदगी की शिकायत पर डीएम ने गांव पहुंचकर उठाई झाड़ू, शुरू कर दी सफाई, अधिकारियों में हड़कंप



**बागपत, एजेंसी।** यूपी के बागपत में सिसाना गांव के लोग काफी दिनों से गांव में गंदगी के अंबार लगे होने की शिकायत डीएम अस्मिता लाल से कर रहे थे। उनका कहना था कि गंदगी के चलते गांव में संक्रामक रोग पनप रहे है। ग्रामीणों की शिकायत को डीएम ने गंभीरता से लिया। जिसके बाद वे सिसाना गांव पहुंची, तो वहां गंदगी के ढेर लगे मिले। जिसके बाद उन्होंने स्वयं झाड़ू उठाकर वहां सफाई करनी शुरू कर दी। अधिकारियों को पता चला, तो उनमें हड़कंप मच गया। वे भी मौके पर पहुंच गए और सफाई कराने में जुट गए। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को चेतावनी दी कि यदि अब गांव में गंदगी के ढेर लगे मिले, तो कार्रवाई होगी। बागपत के सिसाना गांव में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब बुधवार की सुबह करीब साढ़े 10 बजे डीएम अस्मिता लाल गांव में पहुंची और सफाई व्यवस्था का निरीक्षण शुरू कर दिया। गांव की गलियों में गंदगी के ढेर और लंबे समय से सफाई न होने की शिकायतों के बाद डीएम ने खुद झाड़ू उठाकर अभियान शुरू कर दिया। उनके इस कदम के बाद अधिकारी हरकत में आए और आनन-फानन में सफाई शुरू करवाई गई। निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि बीते पांच सालों से गांव में नियमित सफाई नहीं हो रही और कूड़ा-कचरा सड़कों पर फैला रहता है। इस पर डीएम ने डीपीआरओ को जमकर फटकार लगाई। कहा कि मुझे नहीं पता आप कैसे करोगे, लेकिन अब सफाई होनी चाहिए। इसके बाद डीपीआरओ ने खुद सफाई शुरू करवाई। वहीं, सीडीओ नीरज कुमार श्रीवास्तव समेत कई अन्य अधिकारियों ने भी हाथों में झाड़ू लेकर गंदगी की सफाई की।

# हिमाचल प्रदेश में फिर फटा बादल, शिमला जिले में बाढ़ जैसे हालात, 301 सड़कें बंद

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश में मानसून का प्रकोप लगातार जारी है और छह अगस्त तक कई जिलों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। आज कुल्लू, मंडी और शिमला जिलों में भी भारी वर्षा का येलो अलर्ट है। गुरुवार सुबह तक कांगड़ा जिला मुख्यालय धर्मशाला में सबसे ज्यादा 54 मिमी बारिश दर्ज की गई। मुरारी देवी में 52 मिमी, कोठी में 49 मिमी, गोहर में 40 मिमी, सराहन में 34 मिमी और सुंदरनगर में 30 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के मुताबिक भारी बारिश और भूस्खलन से प्रदेश भर में एक नेशनल हाईवे और 301 सड़कों पर आवाजाही पूरी तरह से बाधित है। 436 बिजली के ट्रांसफार्मर और 254 पेयजल योजनाएं भी ठप हो गई हैं। अकेले मंडी जिले में सबसे ज्यादा 193 सड़कें, एक नेशनल हाईवे (एनएच-21, मंडी-कोटली बनाला ओट के पास), 81 ट्रांसफार्मर और 58 पेयजल योजनाएं बंद पड़ी हैं। कुल्लू जिले में 47 सड़कें और 134 ट्रांसफार्मर खराब हुए हैं। चंबा में 142 ट्रांसफार्मर



और 62 पेयजल योजनाओं पर असर पड़ा है, जबकि कांगड़ा जिले में 134 पेयजल योजनाएं बंद हैं।

**मनाली में ब्यास नदी का जलस्तर बढ़ा, खतरा बरकरार :** मनाली और आसपास के क्षेत्रों में लगातार हो रही तेज बारिश से ब्यास नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। नेहरू कुंड के पास नदी का पानी पुल की नींव की ओर मुड़ गया है, जिससे बड़ा खतरा बन गया है। हालात का जायजा लेने के लिए मनाली विधायक भुवनेश्वर गौड़, एसडीएम मनाली, डीएसपी मनाली और पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी मौके पर मौजूद हैं। पानी को दूसरी दिशा में मोड़ने के लिए मशीनें लगाई गई हैं। बाहंग के पास भी नदी का जलस्तर बढ़ने से कुछ घरों पर खतरा मंडरा रहा है। हालांकि फिलहाल किसी तरह के नुकसान की खबर नहीं है। प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने और नदी-नालों से दूर रहने की अपील की है।

**रामपुर के कूट पंचायत में बादल फटने से तबाही :** शिमला जिले के रामपुर उपमंडल की कूट पंचायत के धनपल कंडा में बादल फटने से भारी तबाही मची है। तेज बारिश और मलबे के कारण ग्रामीणों की फसलें बर्बाद हो गईं और कई सेब के पौधे नष्ट हो गए। कूट गांव को जोड़ने वाला एक बड़ा पुल और तीन छोटे पुल तेज बहाव में बह गए हैं। भूक्षरण से पंचायत मुख्यालय का वाहन मार्ग भी कट गया है, जिससे यह क्षेत्र पूरी तरह अलग-थलग पड़ गया है। हालांकि, कूट में वाहन योग्य मुख्य पुल सुरक्षित है। खिऊंचा गांव में भू-स्खलन से बिजली के दो खंभे बह गए, जिससे गांव में बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई है। कूट पंचायत प्रधान रत्न डोगरा ने बताया कि 29 जुलाई की आधी रात को यह घटना घटी। राहत की बात यह है कि इस घटना में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है। एसडीएम रामपुर हर्ष अमरेंद्र सिंह ने कहा कि नुकसान का आकलन करने के लिए राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची है। किन्नौर जिले में दूसरे दिन भी किन्नर कैलाश यात्रा को नाले में जलस्तर बढ़ने के कारण रोक दिया गया है, जिससे श्रद्धालुओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

**अब तक का 170 मौतें, 36 लापता :** मौजूदा मानसून सीजन में 20 जून से अब तक हिमाचल प्रदेश में बारिश, भूस्खलन और बाढ़ से अब तक 170 लोगों की मौत हो चुकी है, 278 लोग घायल हुए हैं और 36 लोग लापता हैं। सबसे ज्यादा 35 मौतें मंडी में हुई हैं, जहां 27 लोग लापता भी हैं। कांगड़ा में 25, कुल्लू और चंबा में 17-17, शिमला में 14, हमीरपुर, किन्नौर, सोलन और ऊना में 11-11, बिलासपुर में 8, लाहौल-स्पीति में 6 और सिरमौर में 4 लोगों की मौत हुई है।

## नियम तोड़कर फैसला लिया, टीसीएस मुकदमेबाजी में फंसी, 12 हजार की छटनी पर केस दायर

**बेंगलुरु, एजेंसी।** शानदार सैलरी के साथ सुरक्षित रोजगार के लिए जानी जाने वाली कंपनी टीसीएस की ओर से छटनी के ऐलान ने दुनिया को हैरान किया है। आईटी सेक्टर की भारत ही नहीं दुनिया की इस दिग्गज ने 12 हजार कर्मचारियों को हटाने का ऐलान किया है। कंपनी का कहना है कि फ्यूचर रेडी होने, नई तरह की डिमांड के लिहाज से खुद को तैयार करने और नई तकनीक से सामंजस्य बिठाने के लिए कंपनी ने ऐसा फैसला लिया है। लेकिन इससे आईटी कर्मचारियों में नाराजगी है। यही नहीं कर्नाटक स्टेट आईटी एंप्लॉयीज यूनियन ने इस मामले में एक केस भी दायर कर दिया है। आईटी यूनियन ने लेबर कमिश्नर के पास मामला दायर किया है।

यूनियन का कहना है कि टीसीएस ने नियमों का उल्लंघन करते हुए छटनी का फैसला लिया है। इंडस्ट्रियल डिस्प्यूट्स ऐक्ट, 1947 के तहत कंपनी पर नियमों का उल्लंघन करते हुए छटनी करने का आरोप लगाया गया है। टीसीएस का





कहना है कि फाइनेंशियल ईयर 2026 में वह अपनी वर्कफोर्स में 2 फीसदी की कमी करेगी। इसका अर्थ हुआ कि 12 हजार लोगों की नौकरी चली जाएगी। इस फैसले के खिलाफ कर्नाटक आईटी यूनियन के प्रतिनिधियों ने अडिशनल लेबर कमिश्नर जी. मंजूनाथ से मुलाकात की और कर्मचारियों की संस्याओं से अवगत कराया है। उन्होंने शिकायत दी है। इन कर्मचारियों ने इंडस्ट्रियल डिस्प्यूट्स ऐक्ट का हवाला देते हुए कहा कि किसी कंपनी में यदि 100 से ज्यादा कर्मचारी होते हैं तो वहां छटनी के लिए सरकार से पहले अप्रूवल लेना जरूरी होता है। इसके लिए ऐक्ट में कुछ नियम तय किए गए हैं। यूनियन का कहना है कि टीसीएस मैनेजमेंट ने इन नियमों का उल्लंघन किया है। यूनियन की मांग है कि उन अधिकारियों के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही शुरू की जाए, जिन्होंने यह फैसला लिया है। यूनियन ने कहा है कि लेबर डिपार्टमेंट को इस मामले में तत्काल न्याय करना चाहिए ताकि इस छटनी से प्रभावित लोगों से न्याय हो सके। इस बीच श्रम विभाग के सूत्रों का कहना है कि जल्दी ही टीसीएस के मैनेजमेंट के साथ मीटिंग की जाएगी। इसमें चर्चा की जाएगी कि आखिर इस तरह लेऑफ का फैसला क्यों लिया गया। अभी तारीख तय नहीं है, लेकिन कर्नाटक के श्रम मंत्री ने साफ किया है कि जल्दी ही मीटिंग होगी। वहीं यूनियन का कहना है कि यदि नियमों का उल्लंघन करके इस तरह से छटनी हो गई तो फिर भविष्य के लिए यह खतरनाक ट्रेंड स्थापित हो जाएगा।

## ट्रंप की टैरिफ घोषणा पर प्रियंका चतुर्वेदी की सरकार को सलाह- रेड लाइन खींची जानी चाहिए

**नईदिल्ली, एजेंसी।** शिवसेना उद्धव गुट की सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने ट्रंप द्वारा टैरिफ और सीजफायर के मुद्दे पर बार-बार बयान देने पर केंद्र सरकार को सलाह दी है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार को अब अमेरिकी प्रशासन से सीधी बात करते हुए अपने मुद्दों को रखना चाहिए। हमारी सरकार को सीधे जाकर कहना चाहिए कि सीजफायर को लेकर ट्रंप का बार-बार इस तरीके से कहना सही नहीं है और टैरिफ को लेकर जो एकतरफा घोषणा की गई है, वह भी सही नहीं है। प्रियंका ने कहा, ऐसा बताया जाता था कि पीएम मोदी और डोनाल्ड ट्रंप की कैमिस्ट्री अच्छी है। दोनों देशों के बीच में हाउडी मोदी, एक बार फिर ट्रंप सरकार और नमस्ते ट्रंप जैसे कार्यक्रम भी हुए। ट्रंप के नए कार्यकाल में भी जब पीएम मोदी वहां गए, तो गले मिले.. बाकी सब चीजें हुईं। मेरा यह मानना है कि दोनों देशों के संबंध अच्छे हैं, लेकिन आज जिन हालातों में हैं, वह अलग है, कल ही पीएम मोदी ने कहा कि कोई भी तीसरा देश सीजफायर में शामिल नहीं था... लेकिन कुछ घंटे बाद ट्रंप ने फिर इस बात को कहा कि



मैंने करवाया... ऐसे में अब इसमें एक रेड लाइन खींचें जाने की जरूरत है। हमारी सरकार सीधे तौर पर उनकी सरकार को बताए कि ऐसा कहना सही नहीं है। शिवसेना यूबीटी की सांसद ने कहा, दूसरी तरफ जिस तरीके से एकतरफा टैरिफ की घोषणा हुई है। उसके बारे में भी बात की जानी चाहिए। जब ट्रेड डील की बात चल रही है उसके बीच ऐसी घोषणा करना.. वह भी इन शब्दों में करना इस पर बात होनी चाहिए। कल प्रधानमंत्री मोदी, विदेश मंत्री, गृहमंत्री और रक्षा मंत्री देश के सामने आकर बताए कि आखिर ऐसा क्यों है कि ट्रंप ऐसी बात कर रहे हैं। इसके बाद भी हमारी तरफ से कोई जवाब क्यों नहीं दिया जा रहा है?

## धनखड़ ने क्यों मांगी थी बुलेटप्रूफ कार सरकार ने सिर्फ इनोवा दे दी?



**नईदिल्ली, एजेंसी।** उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे चुके जगदीप धनखड़ अपने काफिले के लिए नई बुलेटप्रूफ कार चाहते थे। एक मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है कि धनखड़ के कार्यालय की तरफ से इस संबंध में केंद्र सरकार को सूचना भी दे दी गई थी, लेकिन बाद में उन्हें बगैर बुलेटप्रूफ गाड़ी प्रदान की गई। धनखड़ ने 22 जुलाई को स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों का हवाला देकर पद से इस्तीफा दे दिया था। रिपोर्ट के अनुसार, बीते साल फरवरी में उप राष्ट्रपति सचिवालय की तरफ से तत्कालीन उपराष्ट्रपति धनखड़ के लिए नई बुलेटप्रूफ गाड़ियां मांगी गई थीं। उस दौरान बीएमडब्ल्यू कारों के पुराने होने की बात कही गई थी। इस अनुरोध के बाद केंद्रीय गृहमंत्रालय ने जून में इसकी जांच के लिए एक समिति गठित करने का फैसला किया था। रिपोर्ट के अनुसार, नवंबर में धनखड़ को एक बगैर बुलेटप्रूफ सुरक्षा वाली इनोवा कार देने का फैसला किया गया। सूत्रों के हवाले से बताया गया कि उपराष्ट्रपति सचिवालय ने अतिरिक्त सचिव (पुलिस आधुनिकिकरण प्रभाग) को भेजे पत्र में लिखा था, मुझे आपको यह बताने का आदेश मिला है कि भारत के माननीय उपराष्ट्रपति को रोज की आवाजाही के लिए तीन बुलेटप्रूफ हाई सिक्योरिटी बीएमडब्ल्यू कारें मिली हैं। आगे कहा गया, इन तीन वाहनों मे से तीन 6 साल से ज्यादा पुरानी हो गई हैं और तीसरी को लगभग 4 साल और 5 महीने हो गए हैं। उसे भी अगले कुछ महीनों में 5 साल हो जाएंगे। पत्र में कहा गया, यह गया है कि इन तीनों वाहनों बुलेटप्रूफ हाई सिक्योरिटी वाहनों से बदल दिया जाए। तीन वाहनों के जल्द से जल्द बदलने का अनुरोध किया जाता है। अखबार को सूत्रों ने बताया कि इससे पहले ऐसा ही एक पत्र दिल्ली पुलिस को भेजा गया था, जहां से बताया गया कि वाहन संबंधी काम गृहमंत्रालय का है। रिपोर्ट के मुताबिक, फरवरी में उपराष्ट्रपति सचिवालय की तरफ से भेजे गए पत्र के जवाब में गृहमंत्रालय के सचिव ने 12 जून 2024 को बताया कि तीन वाहनों की जांच के लिए एक बोर्ड गठित किया जा रहा है। इसमें एनएसजी के 2, सीआरपीएफ से 1 समेत 6 अधिकारी शामिल होंगे। रिपोर्ट के अनुसार, 28 नवंबर को दिल्ली पुलिस की तरफ से एक आंतरिक संचार के माध्यम से बताया गया कि उपराष्ट्रपति सचिवालय ने 5 साल उम्र पूरी होने के कारण धनखड़ के बुलेटप्रूफ वाहन बदल दिए हैं। इसमें कहा गया कि नया वाहन इनोवा है और एक वाहन फॉर्च्युनर है और दोनों ही बुलेटप्रूफ नहीं हैं। अखबार के अनुसार, उपराष्ट्रपति के ओएसडी और सचिव को बताया गया था कि अगर बुलेटप्रूफ वाहन की जरूरत है, तो दिल्ली पुलिस से लिए जा सकते हैं।

## गुजरात एटीएस ने किए कई बड़े दावे : शमा परवीन अंसारी 10 हजार लोगों में घोल रही थी 'जिहाद का जहर', गजवा-ए-हिंद की चाह

**अहमदाबाद, एजेंसी।** शमा परवीन अंसारी गजवा-ए-हिंद का मंसूबा पाले बैठी थी और करीब 10 हजार लोगों में जिहाद का जहर खोलने में जुटी हुई थी। बेंगलुरु से गिरफ्तार की गई झारखंड की लड़की को लेकर गुजरात एटीएस ने कई बड़े दावे किए हैं। अलकायदा के ऑनलाइन मॉड्यूल का खुलासा करते हुए एटीएस ने शमा परवीन को गिरफ्तार किया है इसे एक बड़ी कामयाबी के तौर पर देखा जा रहा है। वह अलकायदा इंडियन सबकॉन्टिनेंटऔर पाकिस्तान का मोहरा बन चुकी थी। प्रतिबंधित आतंकी संगठन अलकायदा इंडियन सबकॉन्टिनेंट के विचारों को फैलाने के आरोप में शमा को मंगलवार को बेंगलुरु से गिरफ्तार किया गया जहां वह अपने छोटे भाई के साथ रह रही थी। बुधवार को उसे ट्रांजिट रिमांड पर गुजरात लाया गया। एटीएस के अधिकारियों मुताबिक, अंसारी भारत सरकार के खिलाफ सशस्त्र विद्रोह और जिहाद के लिए लोगों को उकसा रही थी और इसके लिए वह डिजिटल प्लैटफॉर्म्स का सहारा ले रही थी। वह नफरती संदेशों को फैलाकर धार्मिक उन्माद और हिंसा भड़काना चाहती थी।

**10 हजार लोगों को भड़का रही थी शमा :** एटीएस की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान में बताया गया है कि अंसारी दो फेसबुक पेज और एक इंस्टाग्राम अकाउंट को संभालती थी, जिनके सामूहिक रूप से 10000 यूजर थे। न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक शमा इनके जरिए त्त्ह्रस और अन्य कट्टरपंथी प्रचारकों के विचारों को साझा करती थी। इनमें अलकायदा इंडियन सबकॉन्टिनेंट नेता मौलाना असीम उमर, मर चुके अलकायदा



विचारक अनवर अल-अवलाकी और लाहौर के लाल मस्जिद के मौलाना अब्दुल अजीज के भाषणों के वीडियो शेयर किए जाते थे। इनमें गजवा-ए-हिंद, काफिरों पर हमले और भारत सरकार के खिलाफ नफरती संदेश होते थे।

**पाकिस्तान में भी संपर्क :** जांचकर्ताओं ने यह भी पाया कि अंसारी पाकिस्तान में कुछ लोगों के साथ फोन और ईमेल के जरिए संपर्क में थी। इसी महीने एटीएस की ओर से चलाए गए एक ऑपरेशन के बाद शमा की भूमिका सामने आई। 23 जुलाई को एटीएस ने दिल्ली, नोएडा, अहमदाबाद और गुजरात से चार लोगों को गिरफ्तार किया था, जिन पर जिहादी प्रोपेगेंडा वीडियो को साझा करने का आरोप है। एटीएस ने कहा कि इन वीडियो में भारतीय मुस्लिम युवाओं को देश के लोकतंत्र को खारिज करके सशस्त्र विद्रोह करके शरिया कानून लागू करने के लिए उकसाया जाता था।

**दिल्ली से फइक की गिरफ्तारी के बाद निशाने पर आई शमा :** गिरफ्तार किए गए इन चार लोगों में दिल्ली निवासी मोहम्मद फइक भी था, जिसने जिहाद और भारत में आतंकी हमलों के लिए उकसाने वाले वीडियो शेयर किए थे। जांच में पता चला कि उसने दो फेसबुक और एक इंस्टाग्राम हैंडल से ये वीडियो लिए थे। जांचकर्ताओं के मुताबिक इन दोनों पेज को शमा परवीन अंसारी चला रही थी। इसके बाद गुजरात एटीएस ने केंद्रीय जांच एजेंसियों और कर्नाटक पुलिस के सहयोग से परवीन को बेंगलुरु से गिरफ्तार कर लिया। एटीएस अब शमा से पूछताछ करके यह पता लगाने की कोशिश करेगी कि वह किन-किन लोगों के संपर्क में थी और ऑनलाइन जिहाद का पूरा नेटवर्क किस तरह चल रहा था।

# गुरुग्राम-फरीदाबाद के दिल्ली से सटे इलाकों में और महंगी होगी जमीन

**गुरुग्राम, एजेंसी।** दिल्ली से सटे हरियाणा के गुरुग्राम और फरीदाबाद में अब मकान-दुकान खरीदना और महंगा होने जा रहा है। दोनों जगहों पर एक अगस्त से नए सर्किल रेट लागू करने की तैयारी शुरू हो गई है। फरीदाबाद में जहां सर्किल रेटों में कम से कम 10 और अधिकतम 50 फीसदी तक की बढ़ोतरी की गई है। वहीं गुरुग्राम जिले में आवासीय संपत्तियों के सर्किल रेटों में 8 से 145 फीसदी तक की बढ़ोतरी प्रस्तावित है। गुरुग्राम जिले में सर्किल रेटों में वृद्धि के बाद शहर में आम लोगों के लिए अपना सपनों का घर खरीदना और भी मुश्किल होने वाला है। प्रशासन ने दिल्ली से सटे इलाकों में 145 प्रतिशत तक की भारी बढ़ोतरी का भी प्रस्ताव रखा है, जिससे जमीन की कीमतें आसमान छूने लगेंगी।

प्रस्तावित बढ़ोतरी के अनुसार डीएलएफ फेज एक से चार, साउथ सिटी, सनसिटी, सुशांत लोक और गोल्फ कोर्स रोड के किनारे स्थित पॉश इलाकों में सर्किल दरों में औसतन दस से 20 प्रतिशत की वृद्धि होगी। अधिकांश क्षेत्रों में दस से 20 प्रतिशत की वृद्धि की गई है, जबकि कुछ क्षेत्रों में यह 40 से 50 प्रतिशत बढ़ाई गई है। लोगों से 31 जुलाई तक नौ तहसील में प्रस्तावित सर्किल रेट पर आपत्ति और सुझाव मांगे



गए हैं। प्रदेश सरकार बढ़ी दर को एक अगस्त से लागू कर सकती है। अधिकांश क्षेत्रों में जिनमें पॉश सोसाइटी भी शामिल हैं, वृद्धि 10 से 20 प्रतिशत की सीमा में प्रस्तावित है। सुशांत लोक-1 में सर्किल दर 15प्रतिशत बढ़कर 1.09 लाख रुपये प्रति वर्ग गज से 1.25 लाख रुपये प्रति वर्ग गज हो जाएगी। सुशांत लोक-2 और 3 में 14प्रतिशत की वृद्धि प्रस्तावित है, जो 80,500 रुपये प्रति वर्ग गज से 92,000 रुपये प्रति वर्ग गज होगी। साउथ सिटी-1 में सर्किल दर 12प्रतिशत बढ़कर 1.15 लाख रुपये प्रति वर्ग गज से 1.28 लाख रुपये प्रति वर्ग गज हो जाएगी, और साउथ सिटी-2 में 14प्रतिशत बढ़कर 86,250 रुपये प्रति वर्ग गज से 99,000 रुपये प्रति वर्ग गज होने की उम्मीद है। निर्वाणा कंट्री में सर्किल दर 15प्रतिशत बढ़कर 1.15 लाख रुपये प्रति वर्ग गज से 1.32 लाख प्रति वर्ग गज होने की उम्मीद है। मालिबू टाउन में सर्किल दर 15प्रतिशत बढ़कर 75 हजार रुपये प्रति वर्ग गज से 86,250 रुपये प्रति वर्ग गज हो जाएगी। पाम ड्राइव और एमराल्ड हिल्स में सर्किल दर 21प्रतिशत हो जाएंगे। डीएलएफ फेज एक से पांच में आवासीय प्लॉटों की सर्किल दरों में 10 से 15 प्रतिशत की वृद्धि का प्रस्ताव है।

### द्वारका एक्सप्रेसवे के पास दर में इस तरह होगा बदलाव

द्वारका एक्सप्रेसवे के साथ लगे नए सेक्टरों (सेक्टर 104 से 109 और 115) में आवासीय प्लॉट की दरें 62प्रतिशत बढ़कर 40,000 रुपये प्रति वर्ग गज से 65,000 रुपये प्रति वर्ग गज हो जाएंगी। सेक्टर 14 में प्रस्तावित दर में 34प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो 2.08 लाख रुपये प्रति वर्ग गज से बढ़कर 2.80 लाख रुपये प्रति वर्ग गज होगी। आवासीय संपत्ति में सबसे अधिक वृद्धि गुरुग्राम गांव में प्रस्तावित है, जहां प्लॉट की सर्किल दर 77प्रतिशत बढ़ जाएगी।

### इन सेक्टरों में दाम बढ़ेंगे


सेक्टर 15, 27, 28, 30, 31, 32ए, 40, 41, 42, 43, 45, 46, 50, 51, 52, 53, 54, 55, 56, 57 में ग्रुप हाउसिंग में फ्लैटों की दरें 8900 रुपये प्रति वर्ग फुट से बढ़कर 9790 रुपये प्रति वर्ग फुट हो गई हैं। सेक्टर 58, 59, 60, 61, 62, 63, 63ए में ग्रुप हाउसिंग सोसाइटीज में फ्लैटों की दरें 7040 रुपये प्रति वर्ग फुट हो जाएंगी।

### बजघेड़ा और सरहौल में सबसे अधिक बढ़ोतरी होगी

दिल्ली से सटी कृषि भूमि की दरों में भारी बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। बजघेड़ा में कृषि भूमि की सर्किल दर में 145प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो 2.03 करोड़ रुपये प्रति एकड़ से बढ़कर पांच करोड़ रुपये प्रति एकड़ हो गई है। सरहौल में कृषि भूमि की सर्किल दर 108प्रतिशत बढ़कर 2.39 करोड़ रुपये प्रति एकड़ से 5 करोड़ रुपये प्रति एकड़ हो गई है। इन प्रस्तावित वृद्धियों से गुरुग्राम में संपत्ति बाजार पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ने की उम्मीद है, जिससे विशेष रूप से नए खरीदारों और मध्यम वर्ग के लिए घर खरीदने का सपना और भी दूर हो जाएगा।

### ग्रेटर फरीदाबाद के आसपास प्रॉपर्टी के दाम सबसे महंगे होंगे

जिले में एक अगस्त से नए सर्किल रेट लागू करने की तैयारी शुरू हो गई है। जिला प्रशासन ने प्रस्तावित सर्किल रेट की सूची वेबसाइट पर अपलोड कर दी है। जिसमें कम से कम 10 और अधिकतम 50 फीसदी तक की बढ़ोतरी की गई है। ग्रेटर फरीदाबाद सहित उसके आसपास के इलाकों की जमीन सबसे ज्यादा महंगी होगी। 31 जुलाई तक लोगों के सुझाव और आपत्तियां आने के बाद नए रेट पर रजिस्ट्रियां होंगी। जिला प्रशासन के प्रस्तावित सर्किल रेट में ग्रेफ से लेकर यमुना किनारे तक जमीन के दाम निरंतर बढ़ रहे हैं। मांग को देखते हुए प्रशासन के प्रस्तावित रेट काफी जगह 50 फीसदी तक सर्किल रेट में बढ़ोतरी की है। कृषि भूमि से लेकर फ्लैट, वर्ग गज, व्यावसायिक के उपयोग की जमीन इसमें शामिल है।



# केएल राहुल को मिलेगी कप्तानी

- 25 करोड़ रुपये भी मिलेंगे?
- भारत-इंग्लैंड सीरीज के बीच आई चौंकाने वाली खबर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केएल राहुल का बल्ला इंग्लैंड में जमकर रन उगल रहा है वो सीरीज में दो शतक लगा चुके हैं और इसी बीच एक ऐसी खबर सामने आई है जो सच में चौंकाने वाली है. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक केएल राहुल आईपीएल 2026 में दिल्ली कैपिटल्स की जगह कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए खेल सकते हैं. ऐसा बताया जा रहा है कि केकेआर की टीम उन्हें हर हाल में ट्रेड के जरिए अपने स्क्वाड में चाहती है. केएल राहुल को दिल्ली कैपिटल्स ने 14 करोड़ रुपये में खरीदा था और उन्होंने 13 पारियों में 539 रन बनाए थे. केएल राहुल को केकेआर इसलिए खरीदने के मूड में दिख रही है क्योंकि उसे एक कप्तान की जरूरत है. पिछले सीजन उसका नेतृत्व अजिंक्य रहाणे ने किया था, टीम प्लेऑफ में नहीं पहुंच पाई और उसका प्रदर्शन खराब रहा लेकिन अब केकेआर बड़े बदलाव के मूड में है. इसलिए वो केएल राहुल को टीम में लाकर उसे कप्तान बनाना चाहती है. मीडिया रिपोर्ट्स तो यहां तक हैं कि केएल राहुल के लिए केकेआर 25 करोड़ रुपये तक खर्च करने को तैयार है.केएल राहुल सिर्फ अच्छे बल्लेबाज ही नहीं, वो कप्तान और विकेटकीपर की भूमिका भी निभा सकते हैं ऐसे में केकेआर उनके लिए इतनी बड़ी रकम देने को भी तैयार बताई जा रही है.

## केकेआर ने पैरों पर मारी कुल्हाड़ी?

केकेआर ने आईपीएल 2025 ऑक्शन से पहले अपने पैरों में कुल्हाड़ी मार ली थी. दरअसल उसने टीम को तीसरा आईपीएल जिताने वाले कप्तान श्रेयस अय्यर को ही रिटेन नहीं किया नतीजा ये खिलाड़ी पंजाब किंग्स का कप्तान बन गया. अय्यर के जाने से केकेआर को बड़ा नुकसान हुआ. सबसे पहले उसका कप्तान बदला जिसके बाद टीम का खेलने का तरीका भी बदल गया. टीम 14 में से 5 ही मैच जीत पाई.

अब आईपीएल 2026 से पहले उसने हेड कोच चंद्रकांत पंडित को भी हटा दिया है. कभी इस टीम की गेंदबाजी यूनिट को मजबूत बनाने वाले भरत अरुण भी लखनऊ का हाथ थाम चुके हैं. अब केकेआर किसी तरह केएल राहुल को टीम में लाकर अपनी टीम का बैलेंस बनाने की तैयारी में है. सवाल ये है कि क्या दिल्ली कैपिटल्स केएल राहुल को रिलीज करेगी, फिलहाल इसका जवाब शायद ना ही होगा.




मालामाल हुआ इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड

# 11334 करोड़ रुपये...काव्या मारन की टीम का दिखेगा जलवा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग का दबदबा पूरी दुनिया में है. इस लीग में खेलने के लिए हर खिलाड़ी बेताब रहता है. दुनिया की सबसे महंगी इस लीग में हिस्सा लेने वाली टीमों का दायरा अब धीरे-धीरे बढ़ रहा है. इन टीमों के ओनर अब दूसरे देशों के टी20 लीग में निवेश कर रहे हैं. इससे उन देशों के बोर्ड को भी करोड़ों की कमाई हो रही है. इसी कड़ी में इंग्लैंड की एक लीग में आईपीएल की चार टीमों के ओर ने निवेश किया है. इसकी जानकारी इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने दी है.

इस निवेश स ईसीबी को 11334 करोड़ रुपये की कमाई भी हुई है. इस दौरान काव्या मारन की टीम का इंग्लैंड में जलवा दिखाई देगा. इंग्लैंड की लीग 'द हंड्रेड' में आईपीएलके चार





टीमों के ओनर ने निवेश किया है. इसकी जानकारी देते हुए ईसीबी ने बताया कि निवेश करने वालों में भारत की जीएमआर (दिल्ली कैपिटल्स के को-ओनर), सन टीवी नेटवर्क लिमिटेड (सनराइजर्स हैदराबाद के ओनर), आरपीएसजी समूह (लखनऊ सुपर जायंट्स के ओनर) और रिलायंस समूह (मुंबई इंडियंस के ओनर) शामिल हैं. ईसीबी ने बताया कि इससे उन्हें 975 मिलियन पाउंड (करीब 11 हजार 3 सौ 34 करोड़ रुपये) की कमाई हुई है. इंग्लैंड बोर्ड ने बताया कि दो और साझेदारों की बाद में औपचारिक रूप से पुष्टि हो जाएगी.

इससे पहले मुंबई इंडियंस, लखनऊ सुपर जायंट्स और सनराइजर्स हैदराबाद के ओनर साउथ अफ्रीका की टी20 लीग की टीमों को खरीद चुके हैं. द हड्रेड लीग में इन सभी को अक्टूबर से संचालन का हक मिल जाएगा.

### काव्या मारन ने इस टीम को खरीदा

इसके अलावा सनराइजर्स हैदराबाद की मालकिन काव्या मारन की सन टीवी नेटवर्क ने नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स टीम को खरीद लिया है, उन्होंने 100 फीसदी हिस्सेदारी हासिल की है. इससे पहलेओनर ने साउथ अफ्रीका में खेली जाने वाली टी-20 में भी सनराइजर्स ईस्टर्न कैप की टीम को खरीदा था. इसके अलावा दिल्ली कैपिटल्स टीम के को-ओनर जीएमआर ग्रुप को द हंड्रेड की टीम सदर्न ब्रेव में 49 फीसदी हिस्सेदारी मिली है, वहीं मुंबई इंडियंस के ओनर मुकेश अंबानी की रिलायंस ग्रुप को ओवल इनविंसिबल्स टीम की 49 हिस्सेदारी मिलेगी, जिसको लेकर जल्द ही ऐलान किया जाएगा. द हंड्रेड लीग की शुरुआत 5 अगस्त से लॉर्ड्स के मैदान में होने जा रही है.



# युजवेंद्र चहल ने इंग्लैंड में मचाया कहर

**काउंटी चैंपियनशिप में डर्बीशायर के खिलाफ चटकाए 6 विकेट**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम में वापसी की राह देख रहे स्पिनर युजवेंद्र चहल ने काउंटी चैम्पियनशप में शानदार गेंदबाजी की. नॉर्थहैम्पटनशायर के लिए खेलते हुए उन्होंने डर्बीशायर के खिलाफ 5 विकेट हॉल किया. ब्लेयर टिकनर का विकेट लेकर उन्होंने पारी में अपना छठा विकेट हासिल किया. उन्होंने इस पारी में सबसे अधिक ओवर (33.2) भी डाले. नॉर्थम्प्टन में खेले जा रहे इस मैच में डर्बीशायर काउंटी क्रिकेट क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया. हैरी केम (17) के रूप में युजवेंद्र चहल ने अपना पहला विकेट लिया, उन्होंने केम को एलबीडब्ल्यू आउट किया. इसके बाद उन्होंने सलामी बल्लेबाज लुइस रीस (39) के रूप में ब?ा विकेट चटकाया. लुइस कैच आउट हुए. चहल ने बेन एचिसन को आउट कर पारी में 5 विकेट हॉल किया. एचिसन 45 रन बना चुके थे, वह अच्छी बल्लेबाजी कर रहे थे तब भारतीय स्पिनर ने उन्हें बोल्ड किया. पारी का आखिरी और अपना छठा विकेट चहल ने ब्लेयर टिकनर का लिया. चहल ने पारी में सबसे अधिक 33.2 ओवर डाले, इसमें उन्होंने 3.54 की इकॉनमी से 118 रन दिए.

# नागपुर लौटीं विश्व महिला शतरंज चैंपियन दिव्या, परिवार और कोच को दिया जीत का श्रेय



**नागपुर, एजेंसी।** फिडे महिला शतरंज विश्व कप 2025 जीतकर दिव्या ने इतिहास रच दिया है। वह यह खिताब जीतने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बन गई हैं। खिताब जीतने के बाद दिव्या बुधवार रात अपने गृह नगर नागपुर लौटीं, जहां एयरपोर्ट पर उनके परिवार और प्रशंसकों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। फिडे महिला शतरंज विश्व कप 2025 चैंपियन दिव्या देशमुख बुधवार को अपने गृह नगर नागपुर लौटीं। नागपुर लौटने पर उन्होंने अपनी बड़ी जीत का श्रेय अपने परिवार और पहले कोच राहुल जोशी को दिया। नागपुर एयरपोर्ट पर पहुंचने पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। उनके परिवार के साथ-साथ प्रशंसक भी बड़ी संख्या में मौजूद थे। महाराष्ट्र शतरंज संघ के अध्यक्ष परिणय फुके भी इस मौके पर मौजूद रहे। 19 वर्षीय दिव्या ने सोमवार को महिला विश्व कप जीतकर इतिहास रच दिया। वह यह खिताब जीतने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बन गई। उन्होंने जॉर्जिया के बटुमी शहर में खेले गए ऑल-इंडियन फाइनल में अनुभवि कोनेरू हम्पी को टाई-ब्रेकर मुकाबले में हराया।

**मुझे यह स्नेह पाकर बहुत खुशी हुई:** दिव्या देशमुख ने नागपुर पहुंचने पर कहा कि मुझे यह स्नेह पाकर बहुत खुशी हुई। यह देखकर अच्छा लग रहा है कि इतनी भीड़ मेरा स्वागत करने के लिए यहां इक्ट्ठा हुई है। मैं बहुत खुश हूं।

**मेरे पहले कोच चाहते थे कि मैं ग्रैंड मास्टर बनूं:** दिव्या देशमुख ने अपनी जीत का श्रेय अपनी बहन, परिवार के सदस्यों और अपने पहले कोच राहुल जोशी को दिया। उन्होंने कहा, मेरे पहले कोच चाहते थे कि मैं ग्रैंड मास्टर बनूं, मैं इस जीत का श्रेय उन्हें देती हूं।

**दिव्या के परिवार के सदस्यों ने उपलब्धि की सराहना की :** दिव्या देशमुख के परिवार के सदस्यों ने उनकी उपलब्धि की सराहना की और कहा कि उन्होंने परिवार, नागपुर, महाराष्ट्र और भारत को गौरवान्वित किया है। इस चैंपियन खिलाड़ी की चाची स्मिता देशमुख ने पत्रकारों से कहा, हम बहुत खुश हैं कि दिव्या ने हमारे परिवार, नागपुर और भारत को गौरवान्वित किया है। भारत ने इतने वर्षों बाद यह महिला शतरंज विश्व कप जीता है।

### दो अगस्त को सीएम फडणवीस और केंद्रीय मंत्री गडकरी करेंगे सम्मानित

किशोरावस्था की चैंपियन दिव्या ने कहा कि ग्रैंड स्विस टूर्नामेंट में भाग लेने से पहले वह कुछ दिन आराम करेंगी। दिव्या को दो अगस्त को एक सार्वजनिक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और केंद्रीय मंत्री व नागपुर सांसद नितिन गडकरी सम्मानित करेंगे।

# ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए अंडर-19 भारतीय टीम घोषित

**वैभव सूर्यवंशी को भी फिर से मिली जगह; सीरीज में 3 वनडे और 2 टेस्ट मैच खेलेंगे**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 14 साल के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए इंडिया अंडर-19 टीम में शामिल किया गया है। भारत और ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 के बीच 21 सितंबर से शुरू होने वाली इस सीरीज में 3 वनडे और 2 टेस्ट मैच खेले जाएंगे।

इंग्लैंड दौरे पर भी मिली थी वैभव को जगह वैभव इससे पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत में टेस्ट सीरीज खेल चुके हैं और इंग्लैंड दौरे पर भी शानदार प्रदर्शन किया था। इंग्लैंड में उन्होंने 5 वनडे मैचों में 355 रन बनाए, जिसमें एक शतक



शामिल था। वैभव ने 52 गेंदों में शतक बनाकर रिकॉर्ड भी अपने नाम किया था। 21 सितंबर को खेला जाएगा पहला वनडे इंडिया अंडर 19 बनाम ऑस्ट्रेलिया अंडर 19 टीम के बीच पहला वनडे मैच रविवार (21 सितंबर) को खेला जाएगा। सीरीज का दूसरा वनडे बुधवार (24 सितंबर) को होगा जबकि तीसरा वनडे मैच 26 सितंबर को खेला जाएगा। इसके बाद दोनों टीमें 2 टेस्ट मैचों की सीरीज में टकराएंगी।

सीरीज का पहला चार दिनी टेस्ट मैच 30 सितंबर से 3 अक्टूबर तक खेला जाएगा। जबकि दूसरा और अंतिम टेस्ट मैच 7 अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक खेला जाएगा। तीनों वनडे नॉर्थेम्प्टनशॉयर में खेला जाएगा जबकि पहला टेस्ट भी इसी वेन्यू पर खेला जाएगा वहीं दूसरा टेस्ट मैक्के में आयोजित होगा।

# शौक ने ले ली जान! पाकिस्तान में 2 बार की ओलंपिक चैंपियन जर्मन खिलाड़ी की 18700 फीट से दर्दनाक मौत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बता दें कि डाहलमीयर एक अनुभवी पर्वतारोही थीं। वह जून के अंत से उत्तरी पाकिस्तान क्षेत्र में थीं और पहले ही ग्रेट ट्रांगो टॉवर पर चढ़ चुकी थीं। उनके गिरने वाले क्षेत्र में पिछले एक सप्ताह से मौसम काफी खराब चल रहा



था, जिसमें बारिश, तेज हवाएं और घने बादल थे। बता दें कि पाकिस्तान के लैला पीक पर पर्वत चढ़ना सबसे मुश्किल माना जाता है। इसके टॉप पर अभी तक सिर्फ सात पर्वतारोहियों ने ही सफलतापूर्वक चढ़ाई की है। वहीं डाहलमीयर के करियर की बात करें तो उन्होंने अपने दोनों गोल्ड मेडल साउथ कोरिया के प्योंगचांग में 2018 शीतकालीन ओलंपिक में जीते थे। उन्होंने स्प्रिंट और परस्यूट इवेंट में गोल्ड मेडल जीते थे, जबकि उन्होंने व्यक्तिगत स्पर्धा में ब्रॉन्ज मेडल भी जीता था। जर्मन एथलीट ने मई 2019 में संन्यास की घोषणा कर दी थी।

# ओलिंपिक 2028 से बाहर हो सकते हैं पाकिस्तान-न्यूजीलैंड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 2023 में खेले गए एशियन गेम्स में क्रिकेट को तीसरी बार जगह मिली थी। इससे पहले इसे 2010 और 2014 में शामिल किया था। 2023 में खेले गए एशियन गेम्स में भारतीय क्रिकेट टीम ने गोल्ड जीता था, यह फोटो उसी समय की है। 2023 में खेले गए एशियन गेम्स में क्रिकेट को तीसरी बार जगह



मिली थी। इससे पहले इसे 2010 और 2014 में शामिल किया था। 2023 में खेले गए एशियन गेम्स में भारतीय क्रिकेट टीम ने गोल्ड जीता था, यह फोटो उसी समय की है।

लॉस एंजिल्स ओलिंपिक 2028 में पूर्व टी-20 वर्ल्ड चैंपियन पाकिस्तान और न्यूजीलैंड की पुरुष टीमें टूर्नामेंट से बाहर हो सकती हैं। इसका मुख्य कारण इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल द्वारा ओलिंपिक क्वालिफिकेशन के लिए निर्धारित क्षेत्रीय योग्यता प्रणाली है। 128 साल बाद 2028 ओलिंपिक में क्रिकेट की वापसी हो रही है, जिसमें मेंस और विमेंस टीमें टी-20 फॉर्मेट में हिस्सा लेंगी।

# शेल्टन ने टोरंटो ओपन में मन्नारिनो को हराया, हार्ड कोर्ट पर रुबलेव की 250वीं जीत

**टोरंटो, एजेंसी।** बेन शेल्टन ने कैनेडियन ओपन के अपने पहले मैच में एड्रियन मन्नारिनो को 6-2, 6-3 से हराकर तीसरे दौर में प्रवेश किया। शेल्टन ने एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट में अपनी 25वीं जीत दर्ज की। 22 वर्षीय बेन शेल्टन फिलहाल पीआईएफ एटीपी रैंकिंग में अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ सातवें स्थान पर हैं। वह पिछले 10 में से 8 मुकाबले जीत चुके हैं। चौथे वरीय अमेरिकी खिलाड़ी ने एटीपी स्टैट्स के अनुसार अपने पहले सर्व पर 90 प्रतिशत (28 में से 31) अंक जीते और जिन दो ब्रेक प्वॉइंट्स का सामना किया, उन्हें भी बचा लिया।

इसके साथ ही उन्होंने फ्रेंच खिलाड़ी के खिलाफ एटीपी स्तर पर तीसरे आमने-सामने के मुकाबले में पहली जीत हासिल की। शेल्टन ने मैच के बाद कहा, आखिरी गेम में थोड़ा तनाव जरूर था, लेकिन मुझे खुशी है कि मैं अंत तक संयमित रहा और ब्रेक प्वॉइंट पर भी सर्व करते हुए मैच को खत्म कर पाया। अब



शेल्टन का अगला मुकाबला 25वें वरीय ब्रैंडन नकाशिमा से होगा, जिन्होंने हमवतन खिलाड़ी एथन क्विन को 7-6(6), 6-4 से हराया।

टोरंटो में इस फोर्टनाइट के दौरान शेल्टन अपना पहला मास्टर्स 1000 खिताब जीतने की कोशिश में हैं। एटीपी लाइव रेस टू ट्यूरिन में फिलहाल नौवें स्थान पर हैं। इस साल वह निट्टो एटीपी फाइनल्स में अपनी पहली उपस्थिति दर्ज कराने की ओर बढ़ रहे हैं।

इससे पहले, आंद्रे रुबलेव ने ह्यूगो गैस्टन को 6-2, 6-3 से हराकर हार्ड कोर्ट पर अपने करियर की 250वीं जीत दर्ज की। 27 वर्षीय रुबलेव ने गैस्टन के खिलाफ 19 विनर्स और 17 अनफोर्स्ड एरर्स के साथ मुकाबला समाप्त किया और तीसरे दौर में प्रवेश किया। छठे वरीय रुबलेव ने पिछले साल इसी एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट में फाइनल तक का सफर तय किया, जहां उन्हें एलेक्सी पोपिरिन से हार का सामना करना पड़ा था।

# पुलिस विभाग का नशे से दूरी है जरूरी अभियान का हुआ समापन, पुलिस उप महान निरीक्षक हुए शामिल

**पन्ना।** मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा संपूर्ण प्रदेश में संचालित नशे से दूरी है ज़रूरी जन-जागरूकता अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री साईं कष्ण एस. थोटा के नेतृत्व मे पन्ना जिले में विगत 15 दिवसों से चल रहे विभिन्न कार्यक्रमों का आज सफल समापन हुआ। इस अवसर पर डी.आई.जी. छतरपुर रेंज श्री ललित शाक्यवार विशेष रूप से उपस्थित रहे।




समापन समारोह में कलेक्टर पन्ना श्री सुरेश कुमार, पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारीगण, नगर एवं समाजसेवी, गणमान्य नागरिक, ग्राम एवं नगर रक्षा समिति के सदस्य, मीडिया प्रतिनिधि एवं अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने वाले स्कूली छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि डी.आई.जी. छतरपुर श्री ललित शाक्यवार ने अपने संबोधन में मादक पदार्थों के दुष्परिणामों, समाज पर उनके प्रभाव पर विस्तार पूर्वक चर्चा की एवं पुलिस हेल्पलाइन नम्बर, नारकोटिक्स हेल्पलाइन नंबर जैसी महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा कीं। उन्होंने नशा एक सामाजिक बुराई बताते हुए युवाओं से इसके विरुद्ध खड़े होने की अपील की।

समापन अवसर पर उपस्थित जनसमुदाय को नशे से दूर रहने और दूसरों को भी जागरूक करने की सामूहिक शपथ दिलाई गई। यह क्षण प्रेरणादायक और संदेशप्रद रहा, जिसमें युवाओं एवं नागरिकों ने नशा मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया।

समापन के पूर्व पन्ना पुलिस द्वारा पूरे जिले में जन-जागरूकता की दृष्टि से अनेक प्रभावशाली गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिनमें शामिल हैं नुक्कड़ नाटक प्रस्तुतियों द्वारा आमजन को नशे के खिलाफ संदेश दिया गया।

साइकिल रैली एवं जागरूकता पदयात्राओं के माध्यम से जनभागीदारी को प्रोत्साहित किया गया। विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में स्लोगन लेखन, चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिताएँ आयोजित कर विद्यार्थियों को अभियान से जोड़ा गया। शासकीय व अशासकीय संस्थानों, रिक्शा-वाहनों, एवं सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता पंपलेट चिपकाए गए। चौराहों, ग्रामीण अंचलों एवं बाजार क्षेत्रों में जाकर जनसंवाद स्थापित किया गया। पन्ना पुलिस के आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफार्मों एवं इलेक्ट्रॉनिक व प्रिंट मीडिया के माध्यम से भी व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया, जिससे जागरूकता का संदेश जिले के कोने-कोने तक पहुँचा।

सम्मान समारोह में अभियान के दौरान सक्रिय भूमिका निभाने वाले छात्र-छात्राओं, पुलिस अधिकारियों/ कर्मचारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं अन्य सहयोगियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

# अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस के अवसर पर टाइगर रिजर्व द्वारा कराई गई अनेक प्रतियोगिताएं

## मैराथन दौड़ के साथ-साथ निबंध प्रतियोगिता, कवि सम्मेलन आयोजित

**पन्ना।** अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस 29 जुलाई के अवसर पर पन्ना टाइगर रिजर्व द्वारा लोगों को जागरूक करने के लिए अनेक प्रकार की प्रतियोगिताएं विभाग द्वारा आयोजित की गई 28 जुलाई को केंद्रीय विद्यालय पन्ना में निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें एक सैकड़ा से अधिक बच्चों ने भाग लिया प्रतियोगिता में उपस्थित बच्चों को पुरस्कार भी वितरित किए गए दूसरे दिन 29 जुलाई को को सुबह मैराथन प्रारंभ की गई उक्त द्वारा छत्रसाल स्टेडियम से नगर के विभिन्न चौराहा अस्पताल चौराहा बादशाह साईं चौराहा आगरा मोहल्ला चौराहा गांधी चौक बड़ा बाजार गोविंद चौक बलदेव चौक कोतवाली चौराहा होते हुए वापस स्टेडियम



पहुंचकर समापन हुआ तत्पश्चात महाराजा छत्रसाल पीएम श्री कॉलेज में समापन कार्यक्रम संपन्न हुआ इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिता में शामिल हुए प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किए गए कार्यक्रम में उप संचालक मोहित सूद बन मंडल अधिकारियों पर वन मंडल अधिकारी उत्तर गर्वित गंगवार दक्षिण अनुपम शर्मा सहायक उपवन मंडल अधिकारी सहित महाविद्यालय के प्राचार्य एचडी चतुर्वेदी प्र अध्यापक एवं भारी संख्या प्रतिभागी शामिल रहे कार्यक्रम का सफल संचालन सेवानिवृत्ताचार्य प्रमोद अवस्थी द्वारा किया गया तत्पश्चात रात्रि के समय स्थानीय श्री जुगल किशोर जी मंदिर में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें नगर के अनेक साहित्यकारों ने कविता पाठ करके उपस्थित श्रोताओं को भाव विभोर किया।

## स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश के लिए अतिरिक्त सीएलसी चरण, 8 अगस्त को होगा सीट आवंटन

**पन्ना।** उच्च शिक्षा विभाग ने सत्र 2025-26 के लिए महाविद्यालयों में स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश के लिए अतिरिक्त सीएलसी चरण के लिए समय सारणी जारी की है। जारी समय सारणी के अनुसार सत्र 2025-26 में स्नातकोत्तर कक्षाओं में मेजर माइनर विषयों में और मेजर एवं माइनर विषय के अतिरिक्त अन्य विषय में प्रवेश लेने के इच्छुक विद्यार्थी, 31 जुलाई से 3 अगस्त तक ऑनलाइन पंजीयन/आवेदन कर सकेंगे। पंजीकृत आवेदनों के दस्तावेजों का सत्यापन 31 जुलाई से 4 अगस्त तक होगा।

# पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में हुनर इनिशिएटिव कार्यक्रम प्रारंभ

**पन्ना।** आयुक्त तकनीकी शिक्षा भोपाल के निर्देशानुसार महिलाओं के कौशल विकास और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना में हुनर इनिशिएटिव कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है। इस पहल के तहत महिलाओं को प्रशिक्षण एवं जरूरी संसाधन के साथ आत्मनिर्भरता के लिए उचित अवसर प्राप्त होगा, जिससे रोजगार प्राप्त करने के साथ परिवार और समुदाय में समृद्धि भी होगी। इस कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य अरविन्द कुमार त्रिपाठी के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। नोडल अधिकारी वर्षा प्रजापति, सहायक नोडल अधिकारी हरगोविन्द कुर्मी एवं सहायक अंशुमान रेले एवं शायना परबीन द्वारा महिला प्रशिक्षणार्थियों को बिजनेस प्लानिंग, स्टॉर्ट अप के लिए वित्तीय आवश्यकता एवं बजट की जानकारी, मार्केटिंग, ब्रांडिंग, कम्यूनिकेशन स्किल, पर्सनालटी डेवलपमेंट, जनरल एप्टीट्यूट एवं रीजनिंग, कम्प्यूटर टाइपिंग सहित डिजिटल स्किल एवं वेबसाइट डिजाइन इत्यादि से संबंधित महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने वाली शासकीय योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी। समय-समय पर बाहर से विषय विशेषज्ञ को आमंत्रित कर प्रशिक्षण को अधिक प्रभावशाली बनाया जाएगा।

## ग्राम कृष्ण गढ़ में संदिग्ध अवस्था में मिला युवक का शव

**पन्ना।** जिले के पवई थाना अंतर्गत ग्राम कृष्णगढ़ में एक पच्चीस वर्षीय युवक का शव बरामद हुआ है जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल रही है उक्त मामले में हत्या की आशंका जताई जा रही हैं मृतक का नाम लोकपाल लोधी है घटना की जानकारी स्थानीय लोगों द्वारा पुलिस को दी गई पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर पंचनामा बनाया तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए पवई भेजा गया है पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।

# आनंद संस्थान के तत्वाधान में मनाया अंतर्राष्ट्रीय मित्रता दिवस

**पन्ना।** आनंद संस्थान पन्ना के नोडल अधिकारी अशोक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में आज पवई के शासकीय माध्यमिक शाला नारायणपुरा में स्वेच्छा आनंद क्लब ने शिक्षकों एवं बच्चों के बीच अंतर्राष्ट्रीय मित्रता दिवस मनाया। मास्टर ट्रेनर सतानंद पाठक ने कहा कि सहपाठी के अलावा किताबें, प्रकृति एवं बड़े बुजुर्ग, शिक्षक भी हमारे मित्र हो सकते हैं, जिनके समन्वय से हम जिंदगी में किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए तैयार होते हैं और सफलता की ओर अग्रसर होते हैं। श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता अनुकरणीय है। यह किसी अमीरी, गरीबी पर निर्भर नहीं थी। ऐसे ही मित्रता भी केवल निस्वार्थ भावों से




होती है, जिसमें जीवन भर हर सुख-दुख में मित्रता निभाने का संकल्प होता है।

सहायक संचालक नम्रता जैन के द्वारा बच्चों को संकल्प दिलाया गया कि प्रकृति और किताबों को अपना मित्र बनाकर उनका जिंदगी भर साथ निभायेंगे और प्रकृति की सभी चीजों का सम्मान करते हुए उनसे मित्रवत व्यवहार करेंगे। उदाहरणस्वरूप समझाया गया कि जैसे केंचुए किसानों के मित्र होते हैं, प्रकृति भी मित्रता का व्यवहार करती है, लेकिन हम कैसा व्यवहार कर रहे हैं, हमारे अंदर स्वीकृति का भाव होने पर ही हम अच्छे कार्य कर सकेंगे। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने एक दूसरों को राखियां बांधी। छात्रा सरस्वती कोरी ने अपनी पूरी क्लास को अपना दोस्त बनाया। अंजना चौधरी ने दोस्ती पर कविता एवं गाने जैसे ये दोस्ती हम नहीं तोड़ेंगे सुनाएं। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापिका माया खरे एवं राघवेन्द्र सिंह, सिद्धार्थ सागर, देवेन्द्र द्विवेदी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

आनंद संस्थान के तत्वाधान में अजयगढ़ में भी कृषि उपज मंडी प्रांगण में अंतर्राष्ट्रीय मित्रता दिवस का कार्यक्रम हुआ। अजयपाल आनंद क्लब द्वारा इसका आयोजन किया गया।

# हिट एण्ड रन के सभी लंबित प्रकरणों का निराकरण एक सप्ताह में सुनिश्चित करें

**सतना।** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने अज्ञात वाहनों से हुई दुर्घटना में हत-आहतों के राहत राशि संबंधी हिट एण्ड रन के सभी लंबित प्रकरणों का निराकरण एक सप्ताह में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में एसडीएम, ट्रैफिक पुलिस और आरटीओ की बैठक में कलेक्टर ने हिट एण्ड रन के प्रकरण, राहवीर योजना और कैशलेस ट्रीटमेंट योजना की समीक्षा की। इस मौके पर एसडीएम राहुल सिलाडिया, जीतेन्द्र वर्मा, एपी द्विवेदी, आरएन खरे, एलआर जांगडे, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एलके तिवारी, सिविल सर्जन डॉ. मनोज शुक्ला, डीएसपी ट्रैफिक संजय खरे, आरटीओ संजय श्रीवास्तव, ट्रैफिक सूबेदार पंकज शुक्ला, ओरिएंटल इंशोरेन्स बीमा कंपनी के सीबीएम संजय



कलेक्टर ने समीक्षा बैठक में दिये निर्देश

कुमार, यूनाईटेड इंशोरेंस के आरके कछवाहा और नेशनल इंशोरेंस बीमा कंपनी के कार्तिकेय पाण्डेय भी उपस्थित थे। अज्ञात वाहनों से हुई वाहन दुर्घटना में मृतकों के परिजनों को 2 लाख रूपये और गंभीर घायलों को 50 हजार रूपये की राहत सहायता उपलब्ध कराई जाती है। कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार ने सभी तहसीलों में थाना प्रभारियों द्वारा प्रेषित किए गए लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। हिट एण्ड रन के प्रकरणों में विभिन्न तहसीलों में 58 प्रकरण थाने से भेजे गए हैं। गूगल शीट में 61 प्रकरण दर्ज है। जिनमें 5 प्रकरण स्वीकृत, 5 निरस्त और 26 प्रक्रियारत हैं। लंबित प्रकरणों में 5 प्रकरणों में दावाकर्ता के आधारकार्ड और बैंक खाते की डिटेल नहीं होने से लंबित है। दस्तावेज की कमी वाले प्रकरण डीएसपी ट्रैफिक को भेज कर आवश्यक दस्तावेज की पूर्ति कराने का निर्णय लिया गया। कलेक्टर ने बैठक के दौरान तहसील रघुराजनगर के लंबित 31 प्रकरणों की समीक्षा कर 4 मृतको के प्रकरण, 2 घायलों के प्रकरण को स्वीकृति प्रदान की। उन्होंने 5 प्रकरणों में दस्तावेजों की पूर्ति कराने के साथ सभी एसडीएम को कहा कि अगले गुरुवार को होने वाली बैठक में सभी लंबित प्रकरणों को पूरी तैयारी के साथ प्रस्तुत करें। राहवीर योजना की जानकारी में कलेक्टर ने बताया कि किसी भी दुर्घटना ग्रस्त गंभीर घायलों को गोल्डन आवर में अस्पताल तक पहुंचने वाले नागरिक को राहवीर योजना के तहत 25 हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि दी जाती है।

## जिला सैनिक कल्याण बोर्ड का पुर्नगठन

**सतना।** जिला सैनिक कल्याण कार्यालय सतना द्वारा कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस की अनुमोदन उपरांत जिला सैनिक कल्याण बोर्ड का पुर्नगठन किया गया है। जिला सैनिक कल्याण बोर्ड सतना की आगामी बैठक अक्टूबर अथवा नवम्बर माह में आयोजित की जायेगी। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी मुनीन्द्र त्रिपाठी सेवा निवृत्त कर्नल ने बताया कि जिला सैनिक कल्याण बोर्ड में कृपालपुर सतना के सेवा निवृत्त बिग्रेडियर देवेन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता, सहायक भर्ती अधिकारी क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर कर्नल गगन मल्होत्रा, जनसम्पर्क अधिकारी राजेश कुमार सिंह, महाप्रबंधक उद्योग आरएल पाण्डेय, एकेएस यूनिवर्सिटी के प्रो हर्षवर्धन श्रीवास्तव, प्रेसीडेन्ट बार एसोसिएशन से एडवोकेट सुनील शर्मा, एडवोकेट अजय कुमार द्विवेदी, विधुई खुर्द अमरपाटन के भूतपूर्व सूबेदार राजेन्द्र सिंह और करही रोड उत्तरी पतेरी के भूतपूर्व सूबेदार राबेन्द्र सिंह को शामिल किया गया है।

# आज आयोजित होगी म.प्र. पर्यटन क्विज प्रतियोगिता 2025

**सतना।** म.प्र. पर्यटन विभाग द्वारा म.प्र. पर्यटन क्विज प्रतियोगिता 2025 का जिला स्तरीय आयोजन लिखित एवं मल्टीमीडिया राउंड 1 अगस्त को एकेएस यूनिवर्सिटी शेरगंज सतना में किया जायेगा। कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने बताया कि जिले के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं से 12वीं तक के अध्ययनरत विद्यार्थियों को पर्यटन क्विज प्रतियोगिता 2025 के लिए सतना जिले के 152 विद्यालयों के 456 छात्र-छात्राओं ने अपना आनलाइन पंजीयन करवाया है। संबंधित संस्थाओं के प्राचार्य 1 अगस्त को प्रात: 8.30 बजे के पूर्व एकेएस यूनिवर्सिटी शेरगंज सतना में विद्यालय की टीम एवं एक मार्गदर्शी शिक्षक को उपस्थित कराना सुनिश्चित करे। प्रति विद्यालय जिन तीन प्रतिभागी छात्र-छात्राओं एवं मागदर्शी शिक्षक का आनलाइन पंजीयन हुआ है प्रतियोगिता में उन्हीं की सहभागिता मान्य होगी। किसी भी स्थिति में पंजीकृत प्रतिभागी को अन्य प्रतिभागी से प्रति स्थापित नहीं किया जायेगा। प्रतियोगिता के समय चक्र के अनुसार 1 अगस्त को प्रात: 9 से 10 बजे तक पंजीयन कार्य होगा तथा प्रात: 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक प्रथम चरण में लिखित परीक्षा आयोजित होगी। इसके बाद दोपहर 12 से दोपहर 2.30 बजे तक भोजन तथा मूल्यांकन का कार्य किया जायेगा। दोपहर 2.30 से सायं 4.30 बजे तक क्विज प्रतियोगता मल्टीमीडिया का आयोजन किया जाएगा। सायं 4.30 से सायं 5.30 तक पुरूस्कार का वितरण का कार्यक्रम होगा।

## बीईओ सोहावल के लेखापाल को सेवा निवृत्ति पर विदाई

**सतना।** विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी सोहावल के लेखापाल राकेश सिंह शासकीय सेवा में 37 साल कार्यरत रहने के बाद गुरूवार को सेवा निवृत्त हुए। लेखापाल की सेवा निवृत्ति पर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिवार ने उनकी कार्यशैली और कर्तव्य बोध का स्मरण करते हुए भावभीनी विदाई दी। लेखापाल श्री सिंह 22 दिसंबर 1988 में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय सतना में पदस्थ हुए थे और 37 साल की सेवा करने के पश्चात विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय सोहावल के लेखापाल के पद से सेवा निवृत्त हुए। बीईओ कार्यालय सोहावल में आयोजित सेवा निवृत्त सम्मान कार्यक्रम में बीईओ आयुषि अग्रवाल, प्राचार्य टीके मिंज, बीएल वर्मा, आशुतोष नामदेव आदि उपस्थित रहे।

# हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी स्कूलों में प्रयोग शालाओं के संचालन की व्यवस्था दुरूस्त करें : कलेक्टर

## शिक्षा विभाग एवं जिला शिक्षा केन्द्र की समीक्षा बैठक संपन्न

**सतना।** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने जिले के सभी हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी स्कूलों में विज्ञान विषय की प्रयोग शालाओं का संचालन सुव्यवस्थित रूप से करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि विज्ञान के छात्र-छात्राओं को प्रयोगिक ज्ञान और अनुभव अत्यंत आवश्यक होता है। विद्यालयों में निरीक्षण के दौरान लैब का संचालन नहीं पाये जाने पर प्राचार्य के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शिक्षा विभाग एवं जिला शिक्षा केन्द्र के अधिकारियों की बैठक में कलेक्टर ने शैक्षणिक गतिविधियों की समीक्षा की। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत संजना जैन, जिला शिक्षा अधिकारी कंचन श्रीवास्तव, डीपीसी विष्णु त्रिपाठी सहित सभी बीआरसी, बीईओ, बीएसी तथा जिला शिक्षा केन्द्र के उपयंत्री उपस्थित थे।

कलेक्टर ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों से कहा कि बीईओ और बीआरसी स्कूलों के साथ-साथ छात्रावासों का भी निरीक्षण करें। स्कूल निरीक्षण के दौरान छात्र-छात्राओं के पास पाठ्य-पुस्तकों की उपलब्धता तथा अभ्यास पुस्तिका में किये गये कार्य अवश्य देखें। उन्होंने कहा कि हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी स्कूल के परीक्षा परिणामों में जिले के उच्च और निम्न प्रतिशत परिणाम वाले 5-5 स्कूलों को चिन्हाकित कर परीक्षा परिणामों का विश्लेषण करें। अच्छे परिणाम लाने वाले स्कूलों में और बेहतर परिणाम के लिए तथा न्यूनतम उत्तीर्ण प्रतिशत वाले विद्यालयों में रिजल्ट सुधार के प्रयास किये जाये। कलेक्टर ने जिले के 30 प्रतिशत से कम परीक्षा परिणाम वाले स्कूलों में न्यूनतम परिणामों के कारणों की जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि प्रत्येक ब्लाक के 5-5 स्कूलों का वे स्वत: भ्रमण के दौरान निरीक्षण करेंगे। उन्होंने प्राचार्यों से कहा कि जिले के औसत रिजल्ट के आधार पर अपने विद्यालय का लक्ष्य निर्धारित करें और उसे कहीं बेहतर परिणाम लाने के प्रयास करें। निरीक्षण के दौरान पठन-पाठन की व्यवस्था में कमी पाये जाने पर संकुल प्राचार्य की बजाय संबंधित बीईओ और बीआरसी के ऊपर कार्यवाही की जायेगी। इस मौके पर बताया गया कि सतना जिले के सभी स्कूलों में बीईओ के माध्यम से कुल मांग 493439 पुस्तकों की मांग के विरूद्ध शत-प्रतिशत छात्रों को पुस्तकें उपलब्ध करा दी गई है। इसी प्रकार वर्ष 2024-25 में कक्षा 9 में साइकिल वितरण के लक्ष्य के अनुरूप 7336 छात्र-छात्राओं को मुफ्त साइकिल का वितरण किया गया।

## राज्य स्तर पर मध्यप्रदेश भूलेख पोर्टल जीआईएस 2.0 लाँच

**सतना।** प्रमुख सचिव, राजस्व श्री विवेक पोरवाल ने बताया कि प्रदेश में वर्तमान में संचालित भूलेख पोर्टल का वर्जन-1 (वेब जीआईएस 1.0) संचालित किया जा रहा था। इसकी गुणवत्ता को बढ़ाते हुए अब वेब जीआईएस 2.0 लांच किया गया है। नये पोर्टल पर लांच किया गया है। एमपी भूलेख पोर्टल राज्य सरकार द्वारा नागरिकों को उनकी भूमि से संबंधित दस्तावेज की जानकारी ऑनलाइन प्रदान करने के लिये विकसित किया गया है। आयुक्त राजस्व श्रीमती अनुभा श्रीवास्तव ने बताया कि राजस्व विभाग ने नवीन पोर्टल 2.0 को पहले नरसिंहपुर और सिवनी जिलों में पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में संचालित किया गया था। इसके सफल संचालन के बाद 30 जुलाई 2025 से राज्य स्तर पर लागू किया गया है।

# थैलेसीमिया जांच शिविर संपन्न

## जागरूकता बढ़ी- टारगेट 100 का,पंहुचे 133

**मैहर।** पूरे देश में थेलेसीमिया जांच के प्रति लोगों को जागरूक करने वाली संस्था तोलानी सेवा संकल्प के मार्गदर्शन में पूज्य सिंधी पंचायत एवं भारतीय सिंधु सभा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित थेलेसीमिया जांच शिविर का आयोजन बुधवार को सिंधी धर्मशाला में संपन्न हुआ इस कार्यक्रम की खास बात यह रही कि मुंबई की टीम द्वारा कम से कम 100 लोगों की जांच का टारगेट दिया था, जिसमें भी सिर्फ 95 लोगों के ही रजिस्ट्रेशन हो पाए थे लेकिन हकीकत में परिणाम उससे कहीं अधिक अच्छा रहा। कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत रंग लाई। घर घर जाकर किए गए जनसंपर्क एवं थेलेसीमिया के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी जन जन तक पहुंचाने के फलस्वरूप



आंकड़ा बढ़कर 133 पर पहुंच गया। विशेष सहयोग करने वालों में संस्था के अध्यक्ष मुंबई के नरेश तोलानी एवं सतना के

कन्हैयालाल कामदार के मार्गदर्शन में यह आयोजन संस्था के संस्थापक थधाराम तोलानी की स्मृति में आयोजित किया गया था। जिसमें विशेष सहयोग करने वाले में गणमान्य लोगों में भाई बलराम जग्यासी, महेश दरियानी,उधव दास माधवानी, बछकाराम गंगवानी, ईश्वर हीरानी, मोहन लाल गोकलानी, संजय जादवानी, जवाहर लाल संतानी, दयाराम आरतानी, दिनेश सावलानी, उमेश ओटवानी, साधूराम गंगवानी, परमानंद सावलानी, प्रकाश माखीजा, प्रकाश दरियानी, विजय गंगवानी, राज कुमार गंगवानी, प्रताप बसंतानी, लक्ष्मणदास तलरेजा, बंटी आहुजा, सन्नी गंगवानी,भरत गोकलानी, लकी डुलानी, सुशील खेटपाल, मयंक गोकलानी एवं महिला मंडल की ज्योति माखीजा, सुषमा कलवानी,रीटा आहूजा ,अंजू कलवानी, मीना आहूजा, कविता सबनानी, ममता फब्यानी, भारती दरियानी, आरती चावला,गौरी जादवानी, आरती माखीजा,माही आरतानी सभी का सहयोग सराहनीय रहा।अंत में आभार प्रदर्शन जवाहर लाल संताणी ने व्यक्त किया।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर | सीधी, शुक्रवार 01 अगस्त 2025 | 8


निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे के निर्देशानुसार निगम क्षेत्रांतर्गत अति जर्जर व भयप्रद भवनों को हटाने की कार्यवाही निरंतर की जा रही है। उसी अवसर का दृष्य।



## एपीएस में आयोजित हुआ गोस्वामी तुलसीदास जयंती समारोह

**रीवा।** अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा के पर्यावरण जीव विज्ञान विभाग के सभागार में गोस्वामी तुलसीदास जयंती के उद्घाटन समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रो. अवधेश पाण्डेय, पूर्व सचिव, तुलसी अकादमी एवं संस्कृति विभाग, मध्यप्रदेश शासन भोपाल (म.प्र.) रहें। अपने उद्बोधन में कहा कि गोस्वामी तुलसीदास की जयंती के अवसर पर विश्वविद्यालय के स्थापना के पहले दिन का साक्षी मैं ही हूँ, जीवन में जो भी सौभग्य आये उसका पूरा आनन्द लेना चाहिए। मेरे जीवन में बहुत सारे सौभग्य मिले हैं। तुलसी बहुत ही तीव्र बुद्धि के ज्ञानी थे। उनके अध्यापन के लिए नरहरदास जी ने वाराणसी में ले गयें। तुलसीदास को 24 वर्ष की आयु में सभी शास्त्रों का ज्ञान हो चुका था। इसके बाद तुलसीदास जी रामायण की कथा सुनाते थें जो शिष्य सुनते थे, वे चुड़े-कड़े, सोने-चाँदी आदि को उपहार स्वरूप दान दे देते थें। रत्नावली से विवाह के उपरान्त तुलसीदास जी प्रेम के पीछे आसक्त थे। जीवन भर का प्रेम रत्नावली को दे डाले। रत्नावली के कहने पर तुलसीदास जी मोहमाया त्यागकर राममय जीवन व्यतीत करने चले गये। आगे उन्होंने कहा कि अज्ञान के मोह में सो रही थी, जो अज्ञान के मोह से जागा वह त्यागकर चला गया। रामचरित मानस की रचना की वह बहुत ही लोकप्रिय साहित्य समाज के सामने उभर कर आया। आगे उन्होंने कहा कि बाल्मिकी रामायण, अन्य ग्रन्थों की रचना हुई किसी ने अपना माता-पिता नहीं कहा। जबकि तुलसीदास जी ने श्री रामचरितमानस को माता-पिता का दर्जा दिया। सत्य का विनाश कभी नहीं होता है और न कभी लुप्त होता है। तुलसीदास जी का सबसे बड़ा अवदान रामचरित मानस को जीवनदायी ग्रन्थ प्रदान कर जनमानस को मानस, मर्मज्ञता



की ओर प्रेरित किया। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि सभी देवी और सज्जनों श्री रामचरित मानस के जीवनदायी और मूल्योंन्मुखी ग्रन्थ का अनुसरण करें।

विशिष्ट अतिथि प्रो. सुरेन्द्र सिंह परिहार, कुलसचिव ने कहा कि आज श्रवण मास की सप्तमी को गोस्वामी तुलसीदास जी का जन्म दिवस है। आज एक ऐसा दिन है जो भारतीय संस्कृति, भक्ति, परोपकार आदि का हर्ष उल्लास का दिन है। रामचरित मानस सबसे लोक व्यापी, महाकाव्य और पवित्र ग्रन्थ है। यह ग्रन्थ मर्यादापुरुषोत्तम श्रीराम के जीवन वृतांत का बृहद् वर्णन करता है।

विशिष्ट अतिथिद्वय डॉ. सुरेन्द्र कुमार त्रिपाठी जी ने कहा कि गुरु शिष्य को अन्धकार से प्रकाश की ओर ले जाता है। ऐसा कहते है कि जो राम चाहेंगे वहीं होगा। श्री राम की प्रेरणा है कि रामायण शोधपीठ की स्थापना अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के लिए मील का पत्थर साबित होगा। ईश्वर के चरणों में यदि कोई व्यक्ति आशक्ति लगा दे उसे ईश्वर का आर्शीवाद अवश्य मिल जाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहें अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा के कुलगुरु प्रो. राजेन्द्र कुमार कुडरिया ने कहा कि देश को आगे बढ़ाना है तो मातृशक्ति का सम्मान करना होगा। यह भारतीय संस्कृति के संरक्षण रही है। आगे उन्होने कहा कि रामरक्षास्त्रोत जीवन रक्षक है। यह भगवान राम की कृपा है। आगे उन्होंने सम्बोधित करते हुए कहा कि गोस्वामी तुलसीदास जी कुड़रिया (दुबे) वंशज हैं। यह सब पूर्वजो के माध्यम से संग्रह किया गया। सभी विद्यार्थियों को श्रीरामचरित मानस को पढ़ना चाहिए। इसके साथ-साथ हनुमान चलीसा का अध्ययन कर, भगवान श्रीराम का आशिर्वाद प्राप्त किया जा सकता है। इससे जीवन में मानवीय मूल्यों को सीखा जा सकता है। स्वागत उद्बोधन डा. अतुल कुमार तिवारी, विभागाध्यक्ष, पर्यावरण जीव विज्ञान विभाग द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ वीणापाणि के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन, साल श्रीफल, प्रतीक चिन्ह एवं तुलसी का पौधा देकर अतिथियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के छात्र द्वारा माँ सरस्वती वन्दना प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. समता शुक्ल ने किया। धन्यवाद ज्ञापन रामायण शोध पीठ के नोडल अधिकारी श्री नलिन कुमार दुबे जी ने किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय, के आचार्यगण, अधिकारीगण, अतिथि विद्वानगण, कर्मचारीगण, मीडिया एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रहीं।

## सितलहा स्कूल में नशा मुक्ति व खेल प्रतियोगिता का कार्यक्रम हुआ संपन्न



**रीवा।** रीवा जिले के शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शीतलहां में खेल एवं युवक कल्याण विभाग नीरज कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में नशा मुक्ति कराया गया जिसमें मुख्य अतिथि मुख्य कार्यपालन अधिकारी शुभम सिंहपुसाम मनरेगा अधिकारी नागेंद्र सिंह थाना प्रभारी कमलेश साहू एवं उनकी पूरी टीम उपस्थित रही उन्होंने नशे से जुड़े कई प्रकार के नुकसान बताएं एवं उनसे दूर रहने के कई उपाय बताएं कहां की नशा नाश की जड़ है और युवाओं से दूरी बनाए रखना चाहिए वही विद्यालय में वॉलीबॉल की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया वहीं विद्यालय में काफी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित होकर सभी ने नशा मुक्ति का संकल्प लिया कार्यक्रम में मुख्य रूप से शासकीय ए उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शीतल के प्राचार्य हीरामणि त्रिपाठी एवं विद्यालय के शिक्षक अतुल द्विवेदी ज्ञान प्रकाश शुक्ला रमाकांत तिवारी उमेश मिश्रा विनय तिवारी आशीष धर दुवेदी राजू सोनी नरेंद्र द्विवेदी राहुल सेन उमाकांत तिवारी आशुतोष द्विवेदी दशरथ पटेल शैलजा पांडे कल्याणी मिश्रा पांडे आदि उपस्थित रहे।

## नवोदय विद्यालय में कक्षा 6 में प्रवेश के लिए आवेदन अब 13 अगस्त तक

**रीवा।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय सिरमौर में शिक्षा सत्र 2026-27 में कक्षा 6 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि में वृद्धि की गयी है। विद्यार्थी अब 13 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। पूर्व में आवेदन करने की अंतिम तिथि 29 जुलाई निर्धारित की गई थी जिसे बढ़ाकर अब 13 अगस्त कर दिया गया है। इच्छुक विद्यार्थी किसी भी ऑनलाइन सेंटर अथवा मोबाइल के माध्यम से प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन कर सकता है। इस संबंध में विद्यालय के प्राचार्य मनीष तिवारी ने बताया कि विद्यार्थी को रीवा अथवा मऊगंज जिले के शासकीय विद्यालय अथवा मान्यता प्राप्त अशासकीय विद्यालय में कक्षा 5 में अध्ययरत एवं रीवा अथवा मऊगंज जिले का निवासी होना चाहिए। जिन विद्यार्थियों ने कक्षा 3 और 4 की निरंतर पढ़ाई शासकीय अथवा मान्यता प्राप्त अशासकीय विद्यालय से पूर्ण शिक्षण सत्र में उत्तीर्ण की हो तथा वर्तमान में कक्षा 5 में अध्ययनरत हो ऐसे विद्यार्थी 13 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। कक्षा में आगामी सत्र में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा 13 दिसम्बर को रीवा और मऊगंज जिले के सभी विकासखण्ड मुख्यालय में आयोजित की जाएगी। इसके आधार पर तैयार मेरिट सूची के अनुसार विद्यार्थियों को कक्षा 6 में प्रवेश दिया जाएगा। इस संबंध में अन्य जानकारियाँ और विवरण नवोदय डॉट जीओभी डॉट इन लिंक पर भी प्राप्त की जा सकती हैं। इसका आवेदन पत्र वेबसाइट सीबीएसईआईटीएमएस डॉट आरईआईएल डॉट जीओभी डॉट इन पर किया जा सकता है।

## अवैध कॉलोनी विकास पर रोक लगाने की दिशा में ननि द्वारा उठाए जा रहे सख्त कदम

**रीवा।** निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे के निर्देशानुसार अवैध कॉलोनी विकास पर रोक लगाने की दिशा में नगर निगम द्वारा लगातार सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में कार्यपालन यंत्री श्री एचके त्रिपाठी के नेतृत्व में दिनांक 31 जुलाई को तीन अवैध कालोनियों पर बड़ी कार्यवाही की गई। जिनमें जोन क्र. 04 वार्ड क्र. 26 लालन टोला कोलान बस्ती के पीछे राजस्व ग्राम समान, तहसील हुजूर खसरा क्र. 874/1/1 का जुज रकवा 0.1040 हे. एवं खसरा क्र. 874/1/2 का जुज रकवा 0.3160 हे. जिसका जुज रकवा 0.42 हे. भूमि स्वामी श्री राकेश नामदेव पिता श्री दुर्गा प्रसाद नामदेव एवं



प्रतिनिधि श्री सर्वेश मिश्रा पिता श्री राजकुमार मिश्रा बगैरह के द्वारा अनाधिकृत कालोनी बनाने का कार्य किया जा रहा था। इसी प्रकार वार्ड 26 बहुरियन तालाब के पास खसरा क्र. 130 जुज रकवा 0.2468 हे. के भूमि स्वामी श्री जलज कुमार पटेल पिता श्री राजमणि पटेल बगैरह द्वारा अवैध कालोनी में रोड, भूखण्ड को विभक्त कर सीमा चिन्ह का निर्माण किया गया था जिसे उखाड़ने की कार्यवाही की गई। साथ ही वार्ड क्र. 26 बहुरियन तालाब के पास ही खसरा क्र. 144 का कुल जुज रकवा 0.559 हे. के भूमि स्वामी श्री जितेन्द्र सिंह पिता श्री विजय सिंह एवं श्री विनोद कुमार त्रिपाठी पिता स्व.श्री सूर्यभान त्रिपाठी वगैरह एवं उनके प्रतिनिधि के द्वारा अनाधिकृत कालोनी बनाने का कार्य किया जा रहा था। उक्त कालोनाजरों को पूर्व में नगर निगम द्वारा सूचना दी गई इसके पश्चात भी निर्माण कार्य भूखण्ड से नही हटाया गया जिस कारण नगर निगम के निर्माण अमले द्वारा अवैध कालोनियों में बनी सड़को एवं नालियों तथा सीमा चिन्हों को उखाड दिया। उक्त कार्यवाही के दौरान शांति व्यवस्था को कायम रखने हेतु पुलिस बल मौजूद रहे। पूर्व में जारी नोटिस और चेतावनी के बावजूद निर्माण न हटाए जाने पर यह कठोर कदम उठाया गया। निगम आयुक्त ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी इसी प्रकार की अवैध कॉलोनियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। साथ ही, नागरिकों से अपील की गई है कि किसी भी प्लॉट या भूमि की खरीदी से पहले उसकी वैधता की जांच अवश्य करें। इस कार्रवाई के दौरान सहायक यंत्री श्री पीएन शुक्ला, उपयंत्री श्री मनोज सिंह, अतिक्रमण सहायक श्री अच्छेलाल पटेल सहित अतिक्रमण अमला मौजूद रहा।

## करियाझर व ऐतला ग्रामों के हैण्डपंप में किया गया क्लोरिनेशन

**रीवा।** बरसात के मौसम में जल स्त्रोतों के शुद्धीकरण के उद्देश्य से हैण्डपंपों में क्लोरिनेशन का कार्य किया जा रहा है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की टीम द्वारा रायपुर कर्चुलियान विकासखण्ड अन्तर्गत ग्राम करियाझर एवं ऐतला ग्रामों में स्थापित सभी हैण्डपंपों में क्लोरिनेशन किया गया। सहायक यंत्री से प्राप्त जानकारी के अनुसार विकास तिवारी, अर्पित द्विवेदी एवं आयुष नागर के दल द्वारा स्त्रोतों में सोडियम हाइपोक्लोराइड सल्यूशन डालकर क्लोरीनीकरण किया गया। इसके साथ ही गांव के विद्यालय एवं आंगनवाड़ी व निजी कुंओ ने भी क्लोरीनेशन का कार्य किया गया।

## संभागीय नजूल निर्वर्तन समिति की बैठक 6 अगस्त को

**रीवा।** रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद की अध्यक्षता में 6 अगस्त को संभागीय नजूल निर्वर्तन समिति की बैठक आहूत की गई है। कमिश्नर कार्यालय में सुबह 11.15 बजे से आयोजित बैठक में रीवा जिला नजूल भूमि निर्वर्तन समिति द्वारा प्रस्तुत प्रकरणों पर निर्णय लिया जायेगा। इस अवसर पर अपर आयुक्त रीवा संभाग, कलेक्टर रीवा, संयुक्त संचालक नगर तथा ग्राम निवेश व जिला पंजीयक उपस्थित रहेंगे।

## परीक्षा पूर्व नि:शुल्क प्रशिक्षण के लिए आवेदन 10 अगस्त तक

**रीवा।** मध्यप्रदेश अनुसूचित जाति कल्याण द्वारा संचालित परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र में बैंकिंग, रेलवे, एसएससी, बीमा, नर्सिंग एवं म.प्र. कर्मचारी चयन मण्डल में चयन के लिये अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों से आगामी 10 अगस्त तक आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। इस संबंध में प्राचार्य परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र ने बताया कि आवेदन पत्र स्वयं अथवा रजिस्टर्ड डाक से कार्यालय में जमा किये जा सकते हैं। आवेदक मध्यप्रदेश का मूल निवासी तथा अनुसूचित जाति अथवा जनजातीय का सदस्य होना चाहिए। आवेदक की आयु 18 से 35 वर्ष के बीच हो। आवेदक के परिवार की वार्षिक आय 6 लाख रूपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। आवेदक को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तय की गयी न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता रखता हो। प्रशिक्षण के लिए चयनित होने पर प्रशिणार्थी को 500 रूपये सुरक्षानिधि जमा करके अनुबंध के अनुसार प्रशिक्षण में प्रवेश दिया जायेगा। इस संबंध में विस्तृत जानकारी परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र शा. ज्ञानोदय विद्यालय अनुसूचित जाति कल्याण विभाग परिसर से प्राप्त की जा सकती है।

## स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में देश में 5वां एवं गार्बेज फ्री सिटी में 5 स्टार रेटिंग प्राप्त होने पर सभी शहरवासियों को आभार

**रीवा।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में देश में 5वां एवं गार्बेज फ्री सिटी में 5 स्टार रेटिंग प्राप्त होने पर सभी शहरवासियों को आभार हेतु धन्यवाद रीवा, आभार रैली का आयोजन दिनांक 01 अगस्त 2025 को समय सुबह 10:30 बजे से कालेज चौराहा से प्रारंभ होकर शिल्पी प्लाजा होते हुये नगर निगम रीवा तक किया जा रहा है एवं समापन तथा पुरूस्कार वितरण कार्यक्रम नगर निगम टाउन हॉल रीवा में दोपहर 12:30 बजे किया जावेगा। नगर निगम द्वारा इस अवसर पर नगरवासियों को धन्यवाद रीवा, आभार रैली एवं समापन कार्यक्रम में शामिल होने का अनुरोध किया गया है।

## निगम आयुक्त ने राजस्व विभाग वसूली के संबंध में समीक्षा बैठक ली

**रीवा।** निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे ने दिनांक 31 जुलाई को राजस्व विभाग वसूली के संबंध में समीक्षा बैठक ली। इस दौरान निगम आयुक्त ने निर्देशित किया कि जिन बड़े व्यावसायिक बकायादारों की नोटिस अवधि समाप्त हो गई है उन पर 3 दिवस के भीतर तालाबंदी की कार्यवाही करें। साथ ही बकायादारों को नोटिस में जिस अवधि तक समय दिया गया है उस अवधि तक बकाया राशि जमा कराने के निर्देश दिए। तालाबंदी होने के बाद जिन बकायादारों ने राशि जमा नहीं की उनपर कुर्की की कार्यवाही प्रस्तावित करने के निर्देश दिए। ट्रांसपोर्ट नगर में प्लॉट की एरियर्स राशि जमा न करने वालो



पर लीज निरस्तगी की नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। एरियर्स बकायादारों को नोटिस जारी करने में लापरवाही पर वार्ड 17 एवं 18 के वार्ड प्रभारी की एक वेतन वृद्धि रोकने हेतु नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। व्यावसायिक बकाया एरियर्स राशि की पेंडेंसी को इस तिमाही में शून्य करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही निगम आयुक्त ने वार्ड प्रभारियों को परफार्मेंस में सुधारने के सख्त निर्देश दिए तथा लक्ष्य के अनुरूप 50 प्रतिशत से कम वसूली करने पर 14 सहायक राजस्व निरीक्षकों को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही निगमायुक्त ने आनलाइन ट्रांजैक्सन पर चर्चा करते हुये कहा कि सभी वार्ड प्रभारी पीओएस मशीन का उपयोग अनिवार्य रूप से करें तथा बकायादारों से लगातार सम्पर्क बनाकर ऑनलाइन पीओएस मशीन से वसूली जमा करने हेतु प्रेरित करने के निर्देश दिए। आवासीय एरियर्स बकायादारो जिनकी पहली नोटिस की अवधि समाप्त हो चुकी है एवं बकाया राशि नही जमा की गई है कुर्की की अंतिम नोटिस जारी कर कुर्की की कार्यवाही प्रस्तावित की जाय। बैठक में उपायुक्त श्री प्रकाश द्विवेदी, श्री एमएस सिद्दीकी, सहायक आयुक्त सुश्री शीतल भलावी, श्री रामनरेश तिवारी, श्री केएन साकेत, सहायक राजस्व अधिकारी श्री रावेन्द्र सिंह, श्री नीलेश चतुर्वेदी, राजस्व निरीक्षक श्री रविप्रकाश मिश्र एवं वार्ड प्रभारी के साथ राजस्व अमला मौजूद रहा।

## निगम क्षेत्रांतर्गत अति जर्जर व भयप्रद भवनों को हटाने की कार्यवाही

**रीवा।** निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे के निर्देशानुसार निगम क्षेत्रांतर्गत अतिजर्जर व भयप्रद भवनों को हटाने की कार्रवाई निरंतर की जा रही है। इसी क्रम में दिनांक 31 जुलाई को सब्जी मंडी में स्थित लोक निर्माण विभाग द्वारा घोषित पीडब्ल्यूडी के अतिजर्जर भयप्रद भवन को नगर निगम के सहयोग से हटाने की कार्यवाही की गई। निगम आयुक्त ने कहा है कि नियमानुसार अति जर्जर/भयप्रद भवनों को गिराये जाने की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। उक्त कार्यवाही में सहायक यंत्री श्री एसके गर्ग, उपयंत्री श्री मनोज सिंह एवं अतिक्रमण अमला जेसीबी के साथ मौजूद रहा।

## बहनो को तोहफा, बारकोड स्कैन करते ही राखी लेने घर पहुंचेगा डाकिया

**रीवा।** रक्षाबंधन के पावन पर्व में इस बार डाकघर ने बहनों को बड़ा तोहफा दिया है। अब भाईयों को राखी भेजने के लिए बहनों को डाकघर नहीं जाना होगा, सिर्फ स्कैनर से स्कैन करना होगा और पोस्टमैन घर आकर राखी का पार्सल पिकअप कर लेगा। अधीक्षक डाकघर आर.के. तिवारी ने बताया कि राखी के खास मौके पर प्रधान डाकघर में यह सुविधा आरंभ की गई है। अब बहनों को डाकघर जाने की जरूरत नहीं होगी। बारकोड को स्कैन करने से बहने सीधी पोस्टमास्टर से वाट्सअप पर जुड जाएंगी। पोस्टमैन खुद बहनों के घर पहुंच कर पार्सल पिकअप करेंगे। पार्सल बुक कराकर रसीद भी प्रदान करेंगे।







स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी, आर.एन.आई नं. 47589/88, डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833